संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

24 जुलाई 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 299

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी पेपर लीक, दो इंजीनियरिंग परीक्षाएं रद्द

देहरादून । उत्तराखंड के वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी में पेपर लीक का बड़ा मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीटेक की दो सेमेस्टर परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। प्रारंभिक जांच में प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग होने के संकेत मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। मामले में एक असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

रांची : भाजपा कार्यालय बना रण स्थल, बैरीकेडिंग तोड़ा, पत्थर फेंके

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़े

संवाददाता

रांची । रांची में नीट और जेपीएससी में कथित गड़बड़ियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी तनातनी अब सड़क पर पहुंच गई है। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया था। इसके जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ता नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय घेराव करने पहुंचे और पुलिस की ओर से लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ दिया।

इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया। दोनों तरफ से पत्थर, टमाटर, अंडे और पानी की बोतलें फेंकी गईं। धक्का-मुक्की के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने की भी बात सामने आई है। इस दौरान घटना की कवरेज कर रहे दो मीडियाकर्मियों के घायल होने की भी खबर है।

हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भाजपा कार्यालय के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता एक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की।

इससे पहले बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में निकाले गए मार्च को पुलिस ने सुभाष चौक के पास रोक दिया था। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता काफी देर तक आमने-सामने रहे।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता %राहुल गांधी चोर है% और %झारखंड सरकार युवाओं को न्याय दे% जैसे नारे लगाते रहे तो वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने %वोट चोर गद्दी छोड़ो%, %चंदा चोर गद्दी छोड़ो% और %नीट पेपर लीक के आरोपी मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो% जैसे नारे लगाए।

झामुमो ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार का फूंका पुतला

रांची (संवाददाता)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला की ओर से गुरुवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) और सीबीएसई मार्किंग में कथित गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर झामुमो ने आरोप लगाया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ पुलिस की हुई लाठीचार्ज और बर्बर व्यवहार बेहद निंदनीय है। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि देशभर के छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, नीट 2026 परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं, सीबीएसई मूल्यांकन की गड़बड़ियों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

झामुमो ने मांग की कि नीट परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में केंद्रीय सदस्य अश्विनी शर्मा, समनूर मंसूरी, महानगर संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, जिला संयोजक मंडली सदस्य धर्मेंद्र सिंह, जिला संयोजक मंडली सदस्य सोनू मुंडा एवं महानगर संयोजक मंडली सदस्य रामशरण तिर्की, अफरोज अंसारी, फरीद खान, अरुण वर्मा, विक्रम सिंह, आशुतोष वर्मा, आरिज खान, बीरू साहू, जीत गुप्ता, मनिंदर सिंह, कुलदीपक कुमार, अंकिता वर्मा, विजय महतो, मो साजिद एवं छात्र मोर्चा से अमन तिवारी, असद फेराज टिंकू, गुलफ्सा शामी, अतिकूर रहमान, मनीष राणा, प्रेम प्रतीक, कासिफ रजा, परवेज, रॉकी साह, मो हमज़ा, नवीन तिर्की, चामू बेक, रौशन एमानुएल तिग्गा, सुरेश महतो समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, छात्र मोर्चा के प्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

मुरली मनोहर जोशी ने छात्रों पर बल प्रयोग को लेकर चिंता जताई

नई दिल्ली । वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देशभर से आए युवाओं की चिंताएं वास्तविक हैं और उनका समाधान सहानुभूति तथा दूरदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। इसे केवल कानून-व्यवस्था के मुद्दे के रूप में नहीं देखना चाहिए। जोशी ने महिलाओं और युवतियों पर बल प्रयोग को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि ऐसे कदम भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य से दूर ले जाएंगे।

सोनम वांगचुक का अनशन 26वें दिन भी जारी

गुरुग्राम । लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती रहने के बावजूद अनशन गुरुवार को 26वें दिन भी जारी रहा। अस्पताल की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है और सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानक सामान्य हैं।गुरुवार शाम को अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. संजय दुरानी की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया कि सोनम की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं है। वह स्टेबल और अलर्ट हैं। पूरी तरह से होश में हैं। उनके सभी वाइटल पैरामीटर सामान्य सीमा में हैं। वांगचुक का इलाज उनकी सूचित सहमति के अनुसार जारी है।

पेपर लीक, लाठी चार्ज पर संसद से सड़क तक संग्राम...

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शेंगे : प्रधानमंत्री

लगातार चौथे दिन नहीं चली संसद, एनडीए-इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने आमने-सामने लगाए नारे

● कनॉट प्लेस में सभी दुकानें और रेस्तरां बंद करवाने से आंदोलनकारियों का आक्रोश और बढ़ा, आज देशव्यापी आंदोलन

एजेंसी

नई दिल्ली । नीट पेपर लीक और जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज मामले को लेकर संसद से सडक् तक संग्राम चल रहा है। सभी की एक ही मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसद भवन के बाहर एनडीए और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के सामने एनडीए के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनडीए सांसद पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। उधर कॉकरोच जनता पार्टी ने पुलिस बर्बरता के खिलाफ और प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है।

वहीं संसद के भीतर भी हंगामा जारी रहा। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 2 बजे लोकसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो भारी हंगामा शुरू हो गया। इस पर सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते 3 बजे तक स्थगित कर दी गई। जब दोबारा सदन शुरू हुआ तो सांसदों ने फिर से हंगामा कर दिया। इसके बाद राज्यसभा भी 24 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान सीजेपी को जेपी नड्डा के आवास या ऑफिस पर बातचीत के लिए चार बार ऑफर भेजा गया है। हालांकि सीजेपी ने ऑफर ठुकरा दिया। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा- सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या किसी न्यूट्रल जगह पर बातचीत करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। वहीं देशभर में भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर बढ़ती चिंता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

जेपीएससी परीक्षा घोटाला : पूर्व चेयरमैन एल खियांग्ते के घर सीआईडी का छापा

संवाददाता

रांची । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में कथित गड़बड़ी की जांच अब पूर्व अध्यक्ष तक पहुंच गई है। गुरुवार को अपराध अनुसंधान विभाग सीआईडी की टीम जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव रह चुके एल खियांग्ते के आवास पर पहुंची। टीम ने उनके घर की तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई। उल्लेखनीय है कि सीआईडी 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा परिणाम में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। इसी सिलसिले में पहले भी कई स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है और महत्वपूर्ण दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं, अब जांच की कड़ी पूर्व अध्यक्ष के आवास तक पहुंचने को इस मामले में अहम कदम माना जा रहा है।

इस मामले में सीआईडी अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें जेपीएससी की तत्कालीन डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन श्वेता कुमारी गुप्ता, टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रामवीर सिंह, कंपनी के कर्मचारी प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार और अजय कुमार शामिल हैं। जांच एजेंसी ने उनके पास से पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, कंप्यूटर और कई अहम दस्तावेज भी जब्त किए हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। सीआईडी की कार्रवाई के बाद 22 जुलाई को जेपीएससी ने 25 जुलाई से प्रस्तावित 14वीं जेपीएससी की मुख्य परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं को स्थगित कर दिया था। इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जेपीएससी कार्यालय का घेराव भी किया था। उल्लेखनीय है कि 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा के परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों ने बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी को सौंपी थी।

साहिबगंज : जमीन विवाद में चाची की कुल्हाडी से मारकर हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव में जमीन विवाद मामले को लेकर गुरुवार की शाम को भतीजे ने अपने चाची को कुल्हाड़ी से मार कर नृशंस हत्या कर दिया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव की रहने वाली रासो मुनी मुर्मू अपने घर में खाना खा रही थी. इसी दौरान उसके पति स्वर्गीय होपा मरांडी के भतीजा धुनु मरांडी घर में घुसकर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया. जिससे रासो मुनी मुर्मू का घटना स्थल पर ही मौत हों गयी. स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका रासो मुनी मुर्मू और भतीजा धुनु मरांडी से जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा है. मृतका रासो मुनी मुर्मू अपने देख भाल के लिये अपने नाती दिलीप जर्मन हेम्ब्रम को साथ रखती थीं.जो धुनु मरांडी को रास नहीं आया और वह कुल्हाड़ी से आपनी चाची रासो मुनी मुर्मू हत्या कर दी. पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिये राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है.पुलिस मामले की जांच कर रही है.

29 जुलाई तक जिन मतदाताओं का फॉर्म जमा नहीं होगा, उनका नाम 5 अगस्त के ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा : के. रवि

रांची(एजेंसी)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि वर्तमान मतदाता सूची के सभी मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म प्रिंट कर बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। यदि किसी कारणवश किसी मतदाता को इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुए अथवा उनका इन्यूमरेशन फॉर्म खराब हो गया है तो वे अपने बीएलओ से संपर्क कर दूसरा इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। सभी संबंधित ईआरओ/एईआरओ/डीईओ कार्यालय में संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं का इन्यूमरेशन फॉर्म का पीडीएफ उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम में इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर एवं हस्ताक्षर कर जमा करना अति आवश्यक प्रक्रिया है। वर्तमान मतदाता सूची के मतदाता जो इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे उनका इन्यूमरेशन फॉर्म वापस प्राप्त नहीं होने वाले इन्यूमरेशन फॉर्म की सूची में चला जाएगा। इसके साथ साथ 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में भी उनका नाम नहीं शामिल किया जा सकेगा।

कोडरमा में एनआईए की छापेमारी, दो हिरासत में

संवाददाता

कोडरमा । राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कोलकाता टीम ने गुरुवार को कोडरमा जिले के नवलशाही और डोमचांच क्षेत्र स्थित कई विस्फोटक मैगजीनों में छापेमारी की। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में वर्ष 2024 में हुए विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। जांच के दौरान एजेंसी को कोडरमा से विस्फोटकों के संभावित संबंध के संकेत मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में लोकाई निवासी शंकर यादव और डोमचांच थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी महेश कुमार मेहता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

देवघर नशा मुक्ति केंद्र में किशोर की संदिग्ध मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । जसीडीह थाना क्षेत्र के डाबर ग्राम स्थित एक निजी नशा मुक्ति केंद्र में लगभग 16 वर्षीय किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। परिजनों का आरोप है कि केंद्र के कर्मियों ने किशोर के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। उनका यह भी दावा है कि मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने देवघर-जसीडीह मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सड़क जाम होने से कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही जसीडीह थाना पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों और परिजनों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

1961 में अधिग्रहित जमीन वापस नहीं मिलेगी, हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद के पाथरडीह कोल वाशरी के लिए वर्ष 1960-61 में अधिग्रहित जमीन को मूल रैयतों के वारिसों को लौटाने को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने कहा कि जमीन का अधिग्रहण कानून के अनुसार किया गया था, मुआवजा भी दिया गया था और इतने वर्षों बाद इस प्रक्रिया को चुनौती देने का कोई आधार नहीं बनता। प्रार्थियों ने दावा किया था कि उनके पूर्वजों की करीब 200 एकड़ कृषि भूमि पाथरडीह कोल वाशरी के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। उनका कहना था कि बहुत कम मुआवजा दिया गया, पुनर्वास या नौकरी का लाभ नहीं मिला और जमीन का बड़ा हिस्सा अब भी खाली पड़ा है।इसलिए, अनुपयोगी भूमि उन्हें वापस की जाए। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि बीसीसीएल इस जमीन को निजी कंपनी मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड को देने की तैयारी कर रहा है।

नीट पेपर लीक : सीबीआई को मिला सबूत मास्टरमाइंड सहित 13 पर जल्द चार्जशीट

एजेंसी

नई दिल्ली । नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले पर मचे देशव्यापी बवाल के बीच, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच में अहम पड़ाव पार किया है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई इस सप्ताह सेवानिवृत्त प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी और 12 अन्य आरोपियों के खिलाफ अपनी पहली चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल कर सकती है। हालांकि, जांच एजेंसी ने संजीव कुमार मुखिया को क्लीन चिट दे दी है, उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं।

सीबीआई ने दिल्ली की अदालत को बताया था कि मुख्य आरोपियों के मोबाइल से हाथ से लिखे कुल 132 कैमिस्ट्री के सवाल बरामद हुए थे, जिसमें से 111 सवाल सीधे मुख्य नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। यह महत्वपूर्ण खुलासा मामले में एजेंसी की पुख्ता पकड़ को दिखाता है। मामले में राजनीतिक घमासान बढ़ने के बाद जांच एजेंसी सीबीआई ने जांच और तेज की है। सीबीआई की टीम ने महाराष्ट्र के लातूर में एक प्रतिष्ठित कॉलेज के कैमिस्ट्री प्रोफेसर से छह घंटे तक गहन पूछताछ की। जांच के दौरान उनका मोबाइल फोन जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उनके मोबाइल में इसतरह के डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जिससे पता चलता है कि नीट परीक्षा से तीन दिन पहले कैमिस्ट्री विषय का प्रश्नपत्र उनके मोबाइल पर भेजा गया था।

मेट्रो स्टेशन बंद करने पर सीजेआई बोले मामला नहीं सुलझा तो करेंगे हस्तक्षेप

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली के कई मेट्रो स्टेशनों को बंद करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अगर आज दोपहर तक ये मामला नहीं सुलझता है, तो वे हस्तक्षेप करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए कहा कि मेट्रो स्टेशन बंद होने से वकीलों और पक्षकारों को कोर्ट में समय पर आने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कम से कम वकीलों, पक्षकारों और कोर्ट के स्टाफ को तो आने-जाने दिया जाए। तब मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिया है कि अगर किसी मामले में कोई वकील या पक्षकार नहीं पेश होता है तो कोई प्रतिकूल आदेश जारी नहीं किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेट्रो गेट से निकलते समय स्क्रीनिंग हो और उच्चतम न्यायालय का पहचान पत्र दिखाने पर जाने दिया जाए।

बेल्जियम से झारखण्ड दौरा पर आए विद्यार्थियों ने झारखण्ड विधान सभा का भ्रमण किया

रांची । विश्वविद्यालय के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बेल्जियम से झारखण्ड दौरा पर आए विद्यार्थियों ने आज झारखण्ड विधान सभा का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने झारखण्ड विधान सभा के माननीय अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की तथा अपने झारखण्ड दौरे के अनुभव साझा किए। माननीय अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो ने विद्यार्थियों को झारखण्ड विधान सभा द्वारा प्रकाशित पुस्तक सदन संवाद स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट की।विद्यार्थियों ने झारखण्ड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सामाजिक विविधता, परंपराओं एवं स्थानीय जीवनशैली को जानने-समझने के अपने अनुभवों को माननीय अध्यक्ष के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि झारखण्ड का सांस्कृतिक वैभव, प्राकृतिक सौंदर्य एवं यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। माननीय अध्यक्ष ने बेल्जियम से आए विद्यार्थियों का झारखण्ड विधान सभा में स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विभिन्न देशों के बीच आपसी समझ, मैत्री संबंध और ज्ञान के विस्तार को भी नये आयाम देते हैं ।

अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप योजना में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची एसीबी टीम

रामगढ़ । कल्याण विभाग की ओर से अल्पसं यक समुदाय को दिए जा रहे स्कॉलरशिप को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ है। इस स्कॉलरशिप को जारी करने में बड़ा घोटाला होने की संभावना को उजागर किया गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर एसीबी की टीम जांच कर रही है। गुरुवार को एसीबी की टीम हजारीबाग से रामगढ़ पहुंची। रामगढ़ कल्याण विभाग से एसीबी की टीम ने सारी जानकारी जुटाई। टीम की ओर से अल्पसं यक स्कॉलरशिप को लेकर दस्तावेजों को खंगाला गया। कुछ दस्तावेजों को टीम अपने साथ भी ले गई। एसीबी, हजारीबाग के एसपी आरिफ एकराम ने बताया कि जांच की प्रक्रिया चल रही है। इसकी सभी रिपोर्ट सरकार को सौंप जाएगी।

एसकेएमयू: स्नातक कोर्स के लिए अधिकतम 2250 है एडमिशन फी

- अंगीभूत कॉलेजों के लिए 1100 से 1700 रुपये है एडमिशन फी
- एफिलिएटेड कॉलेजों के लिए 1650 से 2250 रुपये निर्धारित है एडमिशन फी

दुमका। एसकेएमयू दुमका के अंगीभूत और सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-30 में स्नातक सेमेस्टर-1 में नामांकन प्रक्रिया चल रही है।प्रथम मेरिट लिस्ट में चयनित छात्र-छात्राओं के दस्तावेज सत्यापन और नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में है।सीट बची रहने पर द्वितीय मेरिट लिस्ट निकाला जाएगा।इधर कॉलेजों में नामांकन फी,ट्यूशन फी और अन्य शुल्कों को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच उहापोह की स्थिति है।एक ही यूनिवर्सिटी के अलग-अलग कॉलेजों में अलग-अलग शुल्क संरचना से छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति है।जबकि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-29 के लिए ही संशोधित फी स्ट्रक्चर जारी किया गया था जो 2026-30 के लिए भी लागू है।विश्वविद्यालय के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कुलपति के आदेश से 18 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना संख्या-31/2026 द्वारा अंगीभूत और एफिलिएटेड कॉलेजों के लिए अलग-अलग एडमिशन फी स्ट्रक्चर निर्धारित किया गया था।विश्वविद्यालय द्वारा जारी इस संशोधित एडमिशन फी स्ट्रक्चर के मुताबिक अंगीभूत कॉलेजों के लिए एडमिशन फी(सभी शुल्कों सहित) न्यूनतम 1100 रुपये से अधिकतम 1700 रुपए निर्धारित है।वहीं एफिलिएटेड(सम्बद्ध) कॉलेजों के लिए सभी शुल्कों सहित एडमिशन फी न्यूनतम 1650 रुपये से लेकर अधिकतम 2250 रुपए निर्धारित किया गया है।फिर भी यह शिकायत आ रही है कि कई एफिलिएटेड कॉलेजों में छात्र-छात्राओं से एडमिशन के वक्त मनमाना फी वसूला जा रहा है।यहां तक कि किसी-किसी एफिलिएटेड कॉलेज में 3000 से 3200 रुपये तक फी ली जा रही है।

आसनसोल मंडल ताऱी रे भलुआ हाल्ट स्टेशन रे हाल्ट कॉन्ट्रैक्टरकोवाक् बाहाली

सं.सी.5/हाल्ट/बीएचयू/एएसएन/2026 **माहित: 21.07.2026**

आसनसोल मंलल ताऱी रे लातार रे ओ़लाकान स्टेशन रे सांगाड़ियाको टिकट जारीयाको लाऱिगत् हाल्ट कॉन्ट्रैक्टरकोवाक् बाहाली होयोक्आ। **स्टेशन रेयाक् जुतुम:** भलुआ (बीएचएयू)। **स्टेशन रेयाक् श्रेणी:** एचजी-3, **जायगा:** आसनसोल मंडल रेयाक् चंदन आर कटोरिया स्टेशन ताला रे। **फीडिंग स्टेशन:** देवघर। रेलवे बोर्ड रेयाक् नीति दिशानिर्देशको लेका रे भलुआ हाल्ट स्टेशन रे हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर अनुबंध ते चालाव-बानाव लाऱिगत् बिसवा़सान टोठाकिया़ हो़ड़को (एटाक् टोठा खो़न दो़ बाङ) ठेन खो़न **''भलुआ (बीएचएयू) हाल्ट स्टेशन पर टिकटों की बिक्री के लिए हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर हेतु आवेदन''** रेयाक् बो़हो़क् जुतुमान मुहरबंद लिफाफा रे आरदास साकाम नेवतायेत् काना। हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ आलाग-आलाग चान्दो रेयाक् लेनदेन लेका रे कमीशन एमावाया आर पुरा़उ बो़छो़र लाऱिगत् चान्दोकिया़ औसत ब्रिकी कारोबार आधार रे नोआ दो़ बाङ एमावाया। हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ नोडका लेका कमीशन एमावायाा:- **ब्रिक्री कारोबार (रु. रे)** आर एमावाय कमशीन दो़: **(1)** 1-15,000 - 15%** **(2)** 15,001-50,000 - 12%, **(3)** 50,001-1,00,000 - 9%, **(4)** 1,00,001-2,00,000 - 6%, **(5)** 2,00,001 आर ओना खो़न जा़सती - 3% ** 02 जोड़ा हा़बिच् ट्रेन तेंगोक्कान वाला हाल्ट लाऱिगत् हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ न्यूनतम कमीशन एमावाय दो़ रु. 1,000/- जाव चान्दो आर 02 जोड़ा खो़न जा़सती ट्रेन तेंगो वाला हाल्ट लाऱिगत् दो़ रु. 1,500/- जाव चान्दो ताहेंना। **अनुबंध रेयाक् सो़मो़य:** एतो़हो़प् रे 5 बो़छो़र, ओका दो़ आरहों 5 बो़छो़र लाऱिगत् बाड़हाव दाड़ेयाक्आ। **आरदासिया़ दो़ लातार रे ओ़लाकान पात्रता मानदंडको पुरा़उमा:** (1) हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर दो़ ओना जायगा रेन मित् गिरा़बा़सीको होयोक् लेक काना। जाहां रे दो़ हाल्ट स्टेशन मेनाक्आ। गिरा़बा़सी दो़ टोठा रेन गिरा़बा़सी रूप रे हातावकोआ, जुदि ओना जिला भितरी रे जाहां रे दो़ स्टेशन मेनाक्आ। (2) नावां कॉन्ट्रैक्टरको लाऱिगत् न्यूनतम पाड़हाक् योग्यता दो़ 10वीं किलास पास काना (मेताक्मे मा़हित 24.06.2026 तायो़म बाहाल आकात्को कॉन्ट्रैक्टर)। (3) आरदासिया़वाक् उमा़र दो़ मा़हित 01.07.2026 हिलोक् 18 बो़छो़र खो़न को़म दो़ बाङ होयोक् लेक काना। (4) आरदासिया़ दो़ आपनार हो़ड़मो़ निपुट गेया बाबो़त रे मित्टेन निट मेनाक् प्रारूप रे मित् मेडिकल प्रमान साकाम उदुग होयोक् ताया आर सांवते नोआ हों जे उनी दो़ जाहांन आजार खो़न दो़य रूखिया़ गेया। (5) आरदासिया़ दो़ आपनार टोठा रेयाक् पुलिस थाना खो़न मित्टेन प्रमाण साकाम उदुग होयोक् ताया, ओनारे दो़ नोआ पोरमानाकान होयोक् लेक काना जे उनीयाक् जाहांन घा़ट का़मी रेयाक् रिकॉर्ड बा़नुक् ताया मेनते आर उनी चेतान रे जाहांनाक् घा़ट मामला लंबित बा़नुक्आ मेनते। **प्रतिभूति जामा:** जाहांय हो़ड़ अनुबंध एमावाया, उनी दो़ रेल प्रशासन होतेते निट मेनाक् लेकारे रु. 2000/- (एकेन बार हजार सुमुङ) बाङखान ओना खो़न जा़सती रेयाक् प्रतिभूति पायसा, **बुकिंग ऑफिस** मेताक्मे देवघर रे भलुआ हाल्ट ठेन जामाय होयोक् ताया। **प्रकाशन रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य: मा़हित 24.07.2026 हिलोक् 11.00 बजे।**

आरदास **साकाम दो़ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल (वाणिज्यिक अनुभाग), डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल** रेयाक् कार्यालय रे दो़हो़वाकात् बॉक्स रे **मा़हित 30.07.2026 खो़न 20.08.2026 हिलोक् 14.00 बजे हा़बिच्** ते कार्यालय सो़मो़य ताला रे जामाय लेक काना (जुहममाहां, सिंगेमाहां आर छुट्टी दिन छाडा काते)। **चेतान रे एमाकान ता़रीक तायो़म जामो़क्आक् आरदास साकाम बाबो़त रे बिचा़र दो़ बाङ होयोक्आ। मुहरबंद बॉक्स झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य** आसो़कायते **मा़हित 20.08.2026 हिलोक् 16.00 बजे होयोक्आ।** जुदि मुहरबंद बॉक्स झिज रेयाक् ता़रीक हिलोक् जाहांन छुट्टी/बों़द दिन पाड़ाक्आ आर से जाहांन ओ़जे खा़तिर ते बाङ झिच् दाड़ेयाक्आ, एन्डेखान मुहरबंद बॉक्स दो़ दाराय का़मीदिन रे ओना निट सूची लेका रे झिजा। आरदासिया़को ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे मुहरबंद बॉक्स झिज ओ़कतेको ताहेंनमा। पुरा़उ अधिसूचना, एमान तेयाक् नेयो़म आर शर्तको आर आरदास फारो़म दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** खो़न **मा़हित 24.07.2026 हिलोक् 11.00 बजे खो़न मा़हित 19.08.2026 हिलोक् 23.59 बजे** हा़बिच् डाउनलोड दाड़ेयाक्आ बाङखान ओना सांव जोड़ाव प्रेस अधिसूचना तायो़म मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेयाक् कार्यालय, डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल रे **(मा़हित 24.07.2026 खो़न 19.08.2026 हा़बिच्)** जाहांटाक् का़मीदिन हिलोक् **11.00 बजे खो़न 17.00 बजे हा़बिच्** आमो़क्आ। जाहां लेकानाक् कुकली लाऱिगत् दो़, दाया काते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेयाक् कार्यालय, डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल रे जाहांटाक् का़मी दिन हिलोक् गे **11.00 बजे खो़न 17.00 बजे** ताला रेको आपामो़क्मा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), आसनसोल

पूर्व रेलवे

नो़ंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कांग्रेस में नैतिकता है तो झारखंड में हुई सभी परीक्षाओं की कराए सीबीआई जांच : आदित्य साहू

संताल एक्सप्रेस

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र को कमजोर और बदनाम करने में कभी भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ती। कांग्रेस को राष्ट्र की कतई चिंता नहीं है। दिल्ली में अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को इकट्ठा करके लोकतंत्र के मंदिर में घुसकर जिस प्रकार आंदोलन के नाम पर गुंडागर्दी की, वह निंदनीय है। सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी चाहते हैं कि देश टुकड़े टुकड़े में बंट जाए। इनकी कभी मंशा नहीं रहती कि देश अखंड रहे।साहू गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे।साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोक लाज से चलता है। कांग्रेस लोक लाज को धोकर पी गई है। कांग्रेस के दो चेहरे हैं। यह दिल्ली में कुछ करती है और झारखंड में कुछ। झारखंड में बीते छह वर्ष में जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा हो, उत्पाद सिपाही भर्ती या शिक्षक नियुक्ति की परीक्षा हो, जब भी परीक्षा हुआ उसका प्रश्न पत्र पहले लीक हुआ है। पिछले06 वर्ष में कांग्रेस की मदद से लाखों युवाओं का रोजगार छीनने का काम किया गया है। परीक्षा में हुई अनिमितता की जांच होनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस इस पर मौन है। जेपीएससी में गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा ने आंदोलन किया। दबाव के कारण जेपीएससी अध्यक्ष को इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा की मांग है कि जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज हो। कांग्रेस इस पर अपना मुंह कभी नहीं खोलती। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी झारखंड में ऐसे लोगों के खिलाफ सीआईडी जांच की ढोंग कर रही है, यह सिर्फ आईवॉश है। इससे पहले भी शराब घोटाले की जांच में खानापूर्ति की गई थी, आज सारे दोषी जेल के बाहर हैं। यही तो कांग्रेस का चरित्र है। उन्होंने मांग की कि झारखंड में जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं सभी की जांच सीबीआई से कराई जाए। कांग्रेस, झामुमो के साथ दीमक की तरह चिपककर राज्य को खोखला करने का काम कर रही है। जब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पत्थर चलाया तब भाजपा के कार्यकर्ता अपने कार्यालय को बचाने में डटे रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने मौके पर तैनात कुछ पुलिस पदाधिकारी पर आरोप लगाया कि सरकार उक्त पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए तत्काल बर्खास्त करे। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले में जांच कर आरोपितों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेजे।प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता संदीप वर्मा, शोभा यादव, संजय चौधरी और संजीत सिंह भी उपस्थित थे।

पत्थरबाजी मामला : कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भाजपा ने दर्ज कराई प्राथमिकी

संताल एक्सप्रेस

रांची। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पथराव का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंचा और कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश, रांची मेयर रोशनी खालखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार और बड़ी सं या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा का आरोप है कि पार्टी कार्यालय के घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से पथराव किया, जिसमें कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कोई काउंटर एफआईआर नहीं है, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की शिकायत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता पहले से पत्थर लेकर आए थे और योजनाबद्ध तरीके से हमला किया। मरांडी ने कहा कि भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं, इसलिए व्यक्तिगत और पार्टी स्तर पर दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बैरिकेडिंग खोलने में पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के साथ-साथ घटना में शामिल लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू ने बताया कि 20 से 25 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर अंडे, टमाटर और पत्थरों से हमला किया, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट और घटना से जुड़े वीडियो साक्ष्य (पेन ड्राइव) भी सौंपे गए हैं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

संताल एक्सप्रेस

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हुई पत्थरबाजी, अंडे, टमाटर और बोतल फेंके जाने के मामले में गुरुवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अरगोड़ा थाना पहुंचकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से हमला किया, जिससे कई कांग्रेस कार्यकर्ता, पत्रकार और पुलिसकर्मी घायल हो गए। कांग्रेस की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में भाजपा के 15 नेताओं को नामजद किया गया है, जबकि करीब 100 अज्ञात भाजपा कार्यकर्ताओं को भी आरोपित बनाया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन के दौरान अंडे, पानी से भरी बोतलें, शीशे की बोतलें, पत्थर और डंडों का इस्तेमाल कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। कांग्रेस का दावा है कि इस हिंसक घटना में कई लोग घायल हुए, जिनमें पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा मौके पर मौजूद पत्रकार और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। प्राथमिकी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर मौजूद बताए गए भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, अशोक बड़ाईक, योगेंद्र प्रताप सिंह, शशांक राज, रवि मुंडा, वरुण साहू, संजय महतो, वार्ड-41 की पार्षद नीलम चौधरी, सत्यनारायण सिंह, भाजपा कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, संजय जायसवाल सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इन नेताओं की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों पर हमला किया और पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। अरगोड़ा थाना के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए रांची युवा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि कांग्रेस छात्रों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रही थी।

सीएस ने किया स्वास्थ्य संस्थानों और टीकाकरण सत्र का निरीक्षण

साहिबगंज। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने सदर प्रखंड के शहरी क्षेत्र अंतर्गत रसुलपुर दहला में आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान टीकाकरण व्यवस्था, लाभार्थियों की उपस्थिति, वैक्सीन के सुरक्षित रख-रखाव, अभिलेख संधारण तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली.इस दौरान संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर समय पर टीकाकरण करने तथा सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया.वही दुसरी ओर सीएस ने सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान ओपीडी, दवा वितरण, प्रयोगशाला, साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

चोर मचाए शोर कहावत को चरितार्थ कर रही कांग्रेस : संजय सेठ

नई दिल्ली/रांची। रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने रांची में भाजपा प्रदेश मुख्यालय के घेराव के नाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हिंसक एवं अलोकतांत्रिक व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध और असहमति व्यक्त करने का सभी को अधिकार है, लेकिन किसी राजनीतिक दल के कार्यालय का घेराव कर टकराव, हिंसा और अराजकता का वातावरण बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। सेठ ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कुत्सित षड्यंत्र और हिंसक मंसूबों को पूरी तरह विफल कर दिया। यदि कांग्रेस को किसी विषय पर सरकार से शिकायत है तो उसके लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक मंच उपलब्ध हैं। लेकिन कांग्रेस ने लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग छोड़कर उग्र राजनीति का रास्ता चुना, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

सुदूर पहाड़ी बूथों का दौरा कर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने मतदाताओं को किया जागरूक

बरहेट। झामुमो के बरहेट प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने रविवार की सुबह प्रखंड के सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सही दस्तावेजों के साथ प्रपत्र भरने और समय पर जमा करने की अपील की.बर्नार्ड मरांडी ने बोड़बांध पंचायत के गोड़मा पहाड़, मोकमा जोका, मुरीबेडो, मुरीकटरो सहित अन्य पहाड़ी गांवों के बूथों का निरीक्षण किया. उन्होंने बीएलओ से मिलकर एसआईआर अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करने का आग्रह किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर मतदाता सूची में नाम दर्ज रहने के महत्व की जानकारी दी.

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया नये डीईओ का स्वागत

साहिबगंज । जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में गुरुवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला साहिबगंज के सचिव लॉउस हांसदा के नेतृत्व में अध्यक्ष मो गोलाम जिलानी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य मुरलीधर रजक, कोषाध्यक्ष भोला पासवान के द्वारा साहिबगंज जिले के 32 वें जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार का फूलमाला , शॉल, डायरी पेन व गुलाब फूल देकर भव्य स्वागत किया गया. मौके पर मो मोबस्सर हुसैन, सोनेलाल मंडल, इनोसेंट हांसदा,वीरेंद्र कुमार, आशीष कुमार, मीरा कुमारी, पूनम कुमारी जजवाड़े, विनय कुमार, बमबम राज, दीपक कुमार सिंह एवं ज्यादा संख्या में शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे.

गेल ने सीएसआरएल के सहयोग से निःशुल्क आवासीय सुपर-30 केंद्रों की स्थापना की

रांची । कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व केवल संसाधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे अवसर सृजित करने का माध्यम है जो किसी का पूरा जीवन बदल दें। इसी सोच को साकार कर रही है गेल गैस लिमिटेड, जिसने सीएसआरएल के सहयोग से देश के आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवासीय सुपर-30 केंद्रों की श्रृंखला स्थापित की है।इसी क्रम में गेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक आयुष गुप्ता ने रांची स्थित गेल गैस सुपर-30 केंद्र का दौरा किया। उनके साथ गेल गैस लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक संजय वर्मा एवं डीजीएम बिश्व भूषण बेहरा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएसआरएल की डायरेक्टर - बिजनेस डेवलपमेंट एंड मार्केटिंग, सुश्री मीनाक्षी शाही ने भी अतिथियों का स्वागत किया और संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

महिला विद्यालय में वाणिज्य और कला संकाय में नामांकन की तिथि बढ़ी

साहिबगंज। महिला महाविद्यालय साहिबगंज में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए वाणिज्य एवं कला संकाय में नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है. इच्छुक छात्राएं चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं.नामांकन के लिए छात्राएं सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के आधिकारिक पोर्टल https://universities.jharkhand.gov.in/ पर जाकर आवेदन कर सकती हैं. नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि जो पूर्व में 08 जुलाई 2026 निर्धारित थी, अब बढ़ाकर 28 जुलाई 2026 कर दी गई है.महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए छात्राएं कार्य दिवसों में महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव ज्योति सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में अनुभवी एवं योग्य शिक्षिकाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है.

एबीएम कॉलेज में झारखंड ग्रास रुट इनोवेशन इंटर्नशिप का नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम

जमशेदपुर। झारखंड ग्रास रुट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम जिसे उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा झारखंड विज्ञान प्रावैधिकी एवं नवाचार परिषद द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रारंभ किया गया था।यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सह फेकल्टी मेंटर डॉ संजय कुमार झा के निर्देशन में चयनित नेहा प्रवीण,निधि कुमारी, मीनाक्षी कुमारी तथा महेंद्र पाल सिंह के द्वारा लोको पायलट कॉलनी में संपन्न किया गया।

अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती मनी

धनबाद। विधायक राज सिन्हा ने महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती के अवसर पर धनबाद के पॉलीटेक्नीक मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, स्वाभिमान, साहस और बलिदान का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उनका अमर बलिदान देशवासियों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्रसेवा, आत्मसम्मान और देशभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हुलास दास, रिंकू सिन्हा, वार्ड पार्षद अशोक पाल, वार्ड पार्षद मनोरंजन सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, शंभू सिंह, संजीत सिंह, पप्पू गुप्ता, प्रमोद मित्तल, सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेप्टिक टैंक की शटरिंग खोल रहे दो मजदूरों की जहरीली गैस से मौत

बाघमारा संवाददाता। बाघमारा केशरगढ़ पंचायत के सदरियाडीह गांव में गुरुवार को सेप्टिक टैंक की शटरिंग खोल रहे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। एक मजदूर अचेत हो गया। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार नवनिर्मित सेप्टिक टैंक की शटरिंग खोलने उतरे राजमिस्त्री समेत दो लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में लोहापट्टी पंचायत के अंधारी बस्ती निवासी राजमिस्त्री दिलीप महतो (45 वर्ष) और सदरियाडीह निवासी राजेश महतो उर्फ भोला (30 वर्ष) शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदरियाडीह निवासी सहदेव महतो के घर में नवनिर्मित सेप्टिक टैंक लगभग तीन महीने से पूरी तरह ढक कर रखा हुआ था। गुरुवार को सुबह 11 बजे राजमिस्त्री दिलीप महतो और स्थानीय निवासी राजेश महतो टैंक की शटरिंग हटाने के लिए लगभग 15 फीट गहरे गड्ढे में उतरे। नीचे उतरते ही दोनों वहां बनी जहरीली गैस की चपेट में आ गए और उनका दम घुटने लगा। मुखिया पति लखिन्द्र महतो के जरिये दिलीप महतो और राजेश महतो को तत्काल इलाज के लिए बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योति लाल ने जांच व शुरुआती इलाज के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

भाजपा 24 जुलाई को झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों पर राहुल गांधी का पुतला दहन करेगी

रांची । झारखंड में JPSC, JSSC-CGL, उत्पाद सिपाही सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में उठे गंभीर सवालों पर कांग्रेस की चुप्पी एवं इनके दोहरे रवैए को लेकर है भाजपा का यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देशानुसार भाजपा ने 24 जुलाई (शुक्रवार) को शाम 4:00 बजे राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के दोहरे चरित्र के खिलाफ राहुल गांधी का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने दी है।इस संबंध में श्री सहाय ने बताया कि कांग्रेस की कथनी, करनी, चाल-चरित्र में बहुत अंतर है। एक तरफ वह देशभर में परीक्षा पारदर्शिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में छ्वक्क्रस्ष्ट, छ्वस्स्ष्ट-ष्टत्रु उत्पाद सिपाही सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में उठे गंभीर सवालों पर पूरी तरह मौन है। उनका दिल्ली और झारखंड में अलग अलग मापदंड है।

बड़गाईं जमीन फर्जीवाड़ा मामले में अंतू तिर्की सहित 14 आरोपितों पर आरोप गठन

रांची । बड़गाईं की 8.86 एकड़ की कथित जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले में अंतू तिर्की सहित 14 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन हुआ। पीएमएलए की विशेष अदालत ने इन्हें उनके खिलाफ आरोप को पढ़कर सुनाया, जिससे आरोपितों ने इनकार किया। कोर्ट ने शेष बचे तीन आरोपितों के आरोप गठन के लिए 11 अगस्त की तिथि निर्धारित की है।उल्लेखनीय है कि मामले में आरोपितों में राजस्वकर्मी भानु प्रसाद प्रताप, अंतू तिर्की, बिजेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, मनोज कुमार यादव, कुमार राजश्री, राजकुमार पाहन, संजीत कुमार, विनोद कुमार सिंह, शेखर कुशवाहा, तापस घोष, मोहम्मद इरशाद अख्तर, अफसर अली, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और मोहम्मद इरशाद शामिल हैं। पिछली सुनवाई में पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था।कथित जमीन फर्जीवाड़ा मामले को लेकर ईडी ने कई बार कार्रवाई की थी। जिसमें झामुमो नेता अंतू तिर्की, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह सहित जमीन कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी की गई थी। वहीं ईडी ने मामले की जांच पूरी करते हुए आरोपितों के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

जमीन और होटल कारोबारी की हत्या करने आए प्रिंस खान के दो गुर्गे गिरफ्तार

धनबाद। जमीन व होटल कारोबारी की हत्या के मनसूबे से धनबाद आए दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों कुख्यात व भगोड़ा अपराधी प्रिंस खान के गिरोह से जुड़े बताये जाते जा। दोनों अपराधी प्रेंस खान के इशारे पर हत्या के इरादे से आए थे। पुलिस को इसकी भनक धनबाद पुलिस लग गई और दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। घटना बुधवार की है।गुरुवार को सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भूली ओपी क्षेत्र के बी पॉलीटेक्निक के पास जंगल में छापेमारी कर गिरोह से जुड़े दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। दोनों किसी स्थानीय जमीन कारोबारी और होटल व्यवसायी की हत्या की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, दो जिंदा बम और मोबाइल फोन के साथ पकड़े गए। एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी दल ने पोलिटेक्निक के समीप जंगल में कार्रवाई की। मौके से शोएब कुरैशी और गुलाम गौस उर्फ छोटू कुरैशी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों कुख्यात प्रिंस खान गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और हत्या की वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से वहां एकत्र हुए थे।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी नेवता खो़बो़र
आसनसोल मंडल ता़री रे वाणिज्यिक विज्ञापन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्

ई-नीलामी खो़बो़र सं.: एएसएन-एडीवीटी-05-08 **मा़हित 20.07.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 होतेते **संविदा एमो़क् लाऱिगत्** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना, नोआ रेयाक् बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आ:

- **सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एडीवीटी-05-08। **नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 05.08.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **सिक्सवेंस सं.; लॉट सं.; बानाडाय: एए/1; एडीवीटी-एएसएन-सीएएम-ओएच-184-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); एमडीजेडटीआई/भुली, धनबाद रे गेट सं. 1 खो़न 4 हा़बिच् सेलेत् आका़त् स्केच प्लान लेका रे वाणिज्यिक विज्ञापन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्, मो़ट क्षेत्रफल: **4649.40** वर्ग फीट (जेलेञ-**664.2** फीट आर उसुल-7 फीट)। **एए/2; एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-147-25-1** (विज्ञापन-आउट ऑफहोम); दुर्गापुर उत्तर सेच् (बाजार छोर) रे विज्ञापन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्, मो़ट क्षेत्रफल: **600** वर्ग **फीट** (20 फीट X 10 फीट आकार रेयाक् 03 होर्डिंग)। **एए/3; एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-188-26-1** (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); 13 नं. मोड़ खो़न आसनसोल रेलवे स्टेशन रोड नाखा सो़ड़ो़क खो़न लेंगा सेच् स्केप प्लान लेका रे 20 **फीट** X10 **फीट** आकार रेयाक् पेया होर्डिंग रेयाक् प्रदर्शन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। मो़ट क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट पे बो़छो़र सो़मो़य लाऱिगत्। मीडिया: नॉन डिजिटल/हार्डिंग फ्रंट लिट/बैक लिट। **एबी/1; एडीवीटी-एएसएन-जेएसएमई-ओएसएन-117-26-2** (विज्ञापन- स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल); आरडीएन नीति ता़री रे जसीडीह रेयाक् स्टेशन भितरी रे ग्लो साइन/बैकलिट बोर्ड (क्षेत्रफल780 वर्ग फीट) दाराय ते वाणिज्यिक प्रचार लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। ठिका़ रेयाक् सो़मो़य पे (03) बो़छो़र। **एबी/2; एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएसएन-164-25-1** (विज्ञापन-स्टेशन छाटका रे (नॉन डिजिटल)); आसनसोल जंक्शन रेयाक् प्लेटफॉर्म 7 रेयाक् बो़लो़न दुवा़र सोर रे नॉन-लिट मीडिया मेताक्मे लेक्स, होर्डिंग आर एमानतेयाक् नॉन-लिट मीडिया टाइप रूप रे विज्ञापन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। क्षेत्रफल 300 वर्ग फीट। **एबी/3; एडीवीटी-एएसएन-पीएडब्ल्यू-ओएसएन-128-24-1** (विज्ञापन-स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल); पांडवेश्वर स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म रे आर शेड लातार रे विज्ञापन लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। (मो़ट क्षेत्रफल-480 वर्ग फीट)। **एबी/4; एडीवीटी-एएसएन-डीयूएमके-ओएसएन-116-26-1** (विज्ञापन-स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल)); आरडीएन नीति ता़री रे दुमका स्टेशन भितरी रे ग्लो साइन/बैकलिट बोर्ड (क्षेत्रफल 300 वर्ग फीट) दाराय ते वाणिज्यिक प्रचार लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। ठिका़ रेयाक् सो़मो़य पे बो़छो़र। **एबी/5; एडीवीटी-एएसएन-जेएमटी-ओएसएन-43-26-1** (विज्ञापन-स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल)); जामताड़ा स्टेशन भितरी रे नॉन-डिजिटल विज्ञापन बोर्ड (क्षेत्रफल300 वर्ग फीट) दाराय ते वाणिज्यिक प्रचार लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। **एबी/6; एडीवीटी-एएसएन-एएसएनजे-ओएसएन-136-25-1** (विज्ञापन-स्टेशन छाटका रे (नॉन-डिजिटल)); (i) बुकिंग कार्यालय शेड सामाङ रे आर रेलवे लेकाते संभावित एमानतेयाक् जायगाको रे मो़ट क्षेत्रफल-200 वर्ग फीट, (ii) जुदा़-जुदा़ आकार रेयाक् होर्डिंगको दाराय ते वाणिज्यिक विज्ञापन मो़ट क्षेत्रफल-200 वर्ग फीट लाऱिगत् ठिका़ एमो़क्। जो़तो़ नामडाक बोलीदाताको पुरा़उ बानाडाय आर अनुसूची लेका रे चेतान रे ओ़लाकान ई-नीलामी रे सेलेदो़क् लाऱिगत् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

(ASN-190/2026-27)

ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नो़ंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो का गोड्डा में विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । देश की लचर शिक्षा व्यवस्था, नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं तथा छात्रों के आंदोलन पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को कारगिल चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन मंडल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झामुमो नेताओं ने कहा कि देशभर में छात्र-छात्राएं शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली के जंतर-मंतर सहित विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज, अश्रुगैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन मंडल ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए तथा छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई। नेताओं ने कहा कि यदि छात्रों की मांगों की लगातार अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

जामताड़ा में छात्रों का न्याय मार्च, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज तथा नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में गुरुवार को जामताड़ा में छात्रों और युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जामताड़ा युवा मंच के नेतृत्व में निकाले गए न्याय मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। गांधी मैदान से शुरू हुआ मार्च सुभाष चौक, मुख्य बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए इंदिरा चौक पहुंचा, जहां केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था, छात्रों को न्याय और शिक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर नारे लगाए। मुख्य बाजार में मार्च पहुंचने पर राहगीर और दुकानदार भी प्रदर्शन को देखने के लिए रुक गए। युवा मंच के प्रतिनिधि जसीम अंसारी ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रखने वाले छात्रों के साथ कथित बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। रिजवान शेख ने आरोप लगाया कि कथित पेपर लीक से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हाफिज नाजीर हुसैन ने सरकार से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की अपील की, जबकि अकबर अंसारी ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के अंत में मंच ने प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता बनाए रखने, कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और छात्र आंदोलनों के प्रति संवाद आधारित रवैया अपनाने की मांग की। इस अवसर पर अरबाज खान, आशीदुल इजहारुल अंसारी, शमशेर आलम, जाबेद अंसारी, पुष्पा मरांडी, राजा अंसारी, जाहिद अंसारी, सिराज अंसारी, सुफियान कुरैशी, माजेश हेमब्रम, मेराज अंसारी, सुरेश सोरेन, मानिक मिर्धा, सादिक अंसारी, राहुल दास, विक्रांत दास, पुष्पा मुर्मू, सुहागिनी टुडू, सीमा सोरेन, सुबोदी हेमब्रम और निरोधी हेमब्रम समेत बड़ी संख्या में छात्र-युवा मौजूद रहे।

मेहरमा में विषाक्त मशरूम खाने से 10 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

संताल एक्सप्रेस

मेहरमा। प्रखंड अंतर्गत बलबड्डा थाना क्षेत्र की ढोढ़ा पंचायत के मेघनाद गांव में विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के 10 लोग बीमार हो गए। सभी को उपचार के लिए मेहरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिवार के मुखिया पप्पू ठाकुर ने बताया कि बच्चों ने खलिहान में पुआल के बीच उगे जंगली मशरूम (छाता) को इकट्ठा कर घर लाया था। मशरूम को पकाकर परिवार के सभी सदस्यों ने भोजन के साथ खाया। इसके बाद सभी धान रोपाई के लिए खेत चले गए। खेत में काम के दौरान वंदना देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें घर लाया गया तो परिवार के अन्य सदस्यों को भी उल्टी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें होने लगीं। इसके बाद सभी को तत्काल मेहरमा सीएचसी पहुंचाया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. राजकुमार सील ने बताया कि सभी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उन्हें स्लाइन सहित आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं। सभी की स्थिति पर चिकित्सकीय निगरानी रखी जा रही है। बीमार हुए लोगों में दो महिलाएं और आठ बच्चे शामिल हैं। इनमें वंदना कुमारी (14), निशा कुमारी (10), दिलखुश कुमार (8), रितेश कुमार (9), रुक्मिणी देवी (45), वंदना देवी (33), मुस्कान कुमारी (18), मौसम कुमारी (16), साहिल कुमार (12) और निशीकांत कुमार (10) शामिल हैं। स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार सभी का उपचार जारी है।

मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोपः जेसीबी से खोदे गड्ढों को तालाब दिखाकर निकाली गई राशि

संताल एक्सप्रेस

बोआरीजोर। प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। आरोप है कि चितरकोठी गांव और जाताकोठी मौजा में जेसीबी मशीन से पहले से खोदे गए गड्ढों को मनरेगा के तहत तालाब निर्माण कार्य दर्शाकर लाखों रुपये की सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन गड्ढों की खुदाई मशीन से कराई गई थी, उन्हें मनरेगा के तहत मजदूरों द्वारा कराया गया कार्य दिखाया गया। इससे न केवल सरकारी राशि का दुरुपयोग हुआ, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के रोजगार के अधिकार का भी हनन हुआ।मामले में चितरकोठी निवासी एवं ग्राम प्रधान पटवारी टुडू की जमीन पर बनाए गए तालाब का भी जिक्र है। आरोप है कि पहले से जेसीबी से खोदे गए गड्ढे को मनरेगा

योजना में शामिल कर करीब 2 लाख 40 हजार रुपये की राशि की निकासी कर ली गई। लाभुक पटवारी टुडू तथा मोहम्मद हाशिम अंसारी ने भी स्वीकार किया कि जेसीबी से खोदे गए गड्ढों को मनरेगा योजना के कार्य के रूप में दिखाकर भुगतान लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीणों को मजदूरी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि मशीन से कराए गए कार्यों को मजदूरों के नाम पर दर्शाकर भुगतान किया गया है, तो यह योजना के नियमों और उद्देश्य दोनों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जामताड़ा में मतदाता सूची पुनरीक्षण ने पकड़ी रफ्तार

जामताड़ा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान ने तेज गति पकड़ ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार के मार्गदर्शन में 23 जुलाई की शाम 6 बजे तक जिले के 99.99 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित कर दिए गए हैं, जबकि 4,95,194 फॉर्म का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। यह कुल मतदाताओं का 86.78 प्रतिशत है।जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। नाला विधानसभा में 2,43,895 मतदाताओं के सभी फॉर्म वितरित कर दिए गए हैं और 89.69 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। वहीं जामताड़ा विधानसभा में 99.99 प्रतिशत फॉर्म वितरण के साथ 84.61 प्रतिशत फॉर्म ऑनलाइन दर्ज किए जा चुके हैं।उपायुक्त आलोक कुमार ने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, ईआरओ और एईआरओ को कम प्रगति वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने और संग्रहण व डिजिटाइजेशन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि वे बीएलओ को अपने भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म जल्द जमा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करने में सहयोग करें।

डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

गोड्डा। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल से जून 2026 तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए सभी स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही में पंजीकरण, चार प्रसव पूर्व जांच , संस्थागत प्रसव, आयरन-फोलिक एसिड वितरण तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की निगरानी की विस्तार से समीक्षा की गई।

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यक्रम

गोड्डा। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित 90 दिवसीय इंटेंसिव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को डालसा के अध्यक्ष पीडीजे रमेश कुमार एवं डालसा सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लाइब्रेरी सभागार में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम से संबंधित फोटो व विभिन्न अखबारों की छपी खबरों को बेहतरीन तरीके से सजाया गया था। इसको देखने के लिए दिनभर अधिवक्ता सहित आम लोगों की भीड़ लगी रही। इसके पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार, एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय, एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह, अजीत कुमार, राहुल कुमार, लीली कुमारी, आयुष राज, अधिकार मित्र धनंजय कुमार, राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्यों ने इसका बारी-बारी से अवलोकन किया।

सड़क हादसे में झारखंड आंदोलनकारी उमानाथ कोल की मौत पर मामला दर्ज

फतेहपुर (जामताड़ा)। फतेहपुर थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना में झारखंड आंदोलनकारी उमानाथ कोल की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यह मामला फतेहपुर थाना कांड संख्या 23/2026 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई की सुबह करीब 10:30 बजे फतेहपुर डिग्री कॉलेज के समीप जामताड़ा-दुमका मुख्य सड़क पर मोटरसाइकिल संख्या छ्व॥10ष्टङ्ख-3418 के चालक द्वारा कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए धक्का मार दिया गया था। दुर्घटना में मुरीडीह गांव निवासी उमानाथ कोल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी गुलाबी हांसदा के बयान पर गुरुवार को फतेहपुर थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शिक्षा व्यवस्था की अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस का धरना -प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को मुख्यालय स्थित समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितताओं और परीक्षा प्रणाली की विफलताओं के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है।उन्होंने इन मामलों पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने नई दिल्ली में

शिक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।धरना-प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला उपायुक्त के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने, प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई।

गायक मुकेश के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि

गोड्डा। महान पार्श्व गायक मुकेश के जन्मदिन पर गुरुवार की देर शाम लोहियानगर स्थित राइजिंग म्यूजिकल एकेडमी में एक शाम मुकेश के नाम श्रध्रांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल कलाकार सोनू, रवि, कोमल, रूचिका, सोनी, भस्कर, रूचि आदि ने मुकेश के गाये गीतों को सामूहिक रूप से गाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत नन्हें कलाकारों ने जिंदगी की न टूटे लड़ी को अनोखे अंदाज में प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों व कलाकारों का दिल जीत लिया। इसी कड़ी में अधिवक्ता अजीत कुमार ने ये मेरा दिवाना पन है ... गाना प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंगजन किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश, अभय कुमार, निखिल झा, गौरीशंकर चौबे, सुनील कुमार साह आदि की भूमिका सराहनीय रही।

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौसी घर से लौटे

कुंडहित (जामताड़ा)। गुरुवार को कुंडहित प्रखंड के बाबुपुर गांव में घुरती रथयात्रा पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी से घर लौटे। घुरती रथयात्रा पर हर साल बाबुपुर गांव के रथतला मैदान में एक भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। मेला को लेकर बाबुपुर, कमलिया, गुरुनड़ंगाल, हल्दीडीह,पाथरचोड़ सहित आसपास गांव के बच्चे,बुड़े, महिला, देर रात तक मेला का आनंद उठाया। वही भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ वापस अपने घर को पूर्व की भांति ही अपने निर्धारित मार्गो से गुजरा। जहां हजारों भक्तों ने रस्सी खींचकर भगवान की रात को आगे बढ़ाने में सहायता की। जबकि पुलिस प्रशासन मेला में शांति बनाए रखने हेतु पुलिस बल का तैनात किया गया था।

जामताड़ा में बीएलओ और सुपरवाइजर सम्मानित

जामताड़ा । विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने वाले तीन सुपरवाइजर और सात बीएलओ को सम्मानित किया गया। अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अनंत कुमार ने प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और शॉल देकर सभी कर्मियों का सम्मान किया।वीओ सम्मानित होने वाले सुपरवाइजरों में नारायणपुर के पोम्पा माझी और शिशु धीबर तथा करमाटांड़ के बिरेन चंद्र मुर्मू शामिल हैं। वहीं बीएलओ के रूप में सपना माझी, अंजना देवी, गीता भंडारी, कुलसुम खातून, शमीमा खातून, ममता देवी और जमीला परवीन को सम्मानित किया गया। वही एसडीओ अनंत कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजरों ने पूरी निष्ठा और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य हासिल किया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करना है।

रांची में दम दिखाएंगे जामताड़ा के युवा तैराक, नौ सदस्यीय टीम रवाना

जामताड़ा। जिले की तैराकी प्रतिभाओं का कारवां 24 से 26 जुलाई तक रांची के खेल गांव में आयोजित 16वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर एवं जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेगा। नौ सदस्यीय टीम पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुई। बालिका वर्ग में साक्षी सिंह, आरोही कुमारी, ऋचा वर्मा, अवंतिका सिंह और शौम्या, जबकि बालक वर्ग में अभिजीत साह, आयुष राउथ, अर्नभ आनंद एवं विजय आनंद सिंह जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।जिला तैराकी संघ के सचिव देबाशीष मुखर्जी ने बताया कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास के दम पर खुद को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है। वहीं संघ के अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और खेल भावना ही सफलता की असली पहचान है।इस अवसर पर विवेक मंडल, श्याम नारायण चौधरी, कंचन रजक, सरोज कुमार यादव, सतिनाथ गोस्वामी, उमा झा, बंटी सिंह और विवेक घोष सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पदक जीतकर जामताड़ा का नाम रोशन करने का विश्वास जताया।

नाला में श्रम विभाग की कार्यशाला आयोजित

संवाददाता नाला (जामताड़ा) । श्रम विभाग, जामताड़ा के तत्वावधान में नाला प्रखंड सभागार में श्रमिक निबंधन एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक जामताड़ा देव कुमार मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नाला, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नारायणपुर, कार्यालय कर्मी सुजीत यादव, बीपीओ नाला, सभी पंचायतों के मुखिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि असंगठित, निर्माण एवं प्रवासी श्रमिकों के लिए पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर उन सभी श्रमिकों का निबंधन कराया जाएगा, जिनका अभी तक श्रमिक पंजीकरण नहीं हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी पात्र श्रमिक विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए अभियान चलाकर पंजीकरण कार्य किया जाएगा।

जेल सुरक्षा, अवैध खनन, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्त अभियान पर डीसी के कड़े निर्देश

जामताड़ा। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में लगातार चार महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन हुआ। बैठकों में मंडल कारा की सुरक्षा व्यवस्था, अवैध खनन पर रोक, पर्यावरण संरक्षण तथा मादक पदार्थों की तस्करी व दुरुपयोग की रोकथाम को लेकर व्यापक समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए गए। कारा सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने जेल में बंदियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, सीसीटीवी, जैमर, ड्रैगन लाइट, फायर सेफ्टी ऑडिट, तड़ित चालक की जांच तथा महिला वार्ड, पाकशाला और पुस्तकालय सहित मरम्मत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही मुलाकातियों और जेल में प्रवेश करने वाली सामग्री की कड़ी जांच सुनिश्चित करने को कहा। जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में 15 अक्टूबर तक एनजीटी के निर्देशों का सख्ती से पालन, अवैध खनन और कोयला परिवहन पर अभियान चलाने, चितरा से रेलवे साइडिंग तक डंपरों की जीपीएस निगरानी, बिना तिरपाल वाले वाहनों पर कार्रवाई तथा बंद खदानों को कंट्रोल ब्लास्टिंग तकनीक से स्थायी रूप से बंद करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन कराने का निर्देश दिया गया। चालू वित्तीय वर्ष में 44 वाहन जब्त कर 18.92 लाख रुपये का जुर्माना वसूले जाने की जानकारी भी दी गई।बैठकों में पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार, सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद मिश्रा, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, डीएसपीनीलम कुजूर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गोड्डा में बढ़ते अपराध के विरोध में भाजपा का कैंडल मार्च

गोड्डा । गोड्डा शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में गुरुवार शाम भारतीय जनता पार्टी की ओर से रौतारा चौक से अशोक स्तंभ तक कैंडल मार्च एवं मशाल जुलूस निकाला गया। जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमित मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी और आम नागरिक शामिल हुए। मार्च के माध्यम से शहर में हो रही लूट, चेन स्नैचिंग, मोटरसाइकिल चोरी, घरों में चोरी तथा अन्य आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।इस मौके पर पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि गोड्डा में कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से बंगाल ज्वैलर्स लूटकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस को जल्द से जल्द वास्तविक अपराधियों की गिरफ्तारी करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, उसका सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देने वाले संदिग्ध से मेल नहीं खाता। उनके अनुसार मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और घटना करने वाला व्यक्ति पर कार्रवाई हो सके, भाजपा नेताओं ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारी और आम लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हुआ तो पार्टी चरणबद्ध जनआंदोलन चलाएगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, व्यापारियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

विद्यालय में स्कूली गणित और विज्ञान की एक्टिविटी सर्कल का आयोजन

कुंडहित (जामताड़ा)। पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुन्दरक्षीपुर में जे. ई. पी. सी. ओर सुभद्रा चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से गणित एंव साइंस सर्कल एक्टिविटी का आयोजन किया गया। वर्ग- 6,7 एंव 8 के बच्चों के साथ गणित एंव विज्ञान सर्कल एक्टिविटी का आयोजन किया गया । विद्यालयों में कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय गणित व विज्ञान सर्कल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, तार्किक सोच व वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। जिसके तहत गणित ओर विज्ञान जैसे जटिल विषय को आसानी से हल करने का ट्रिक एक्टिविटी के माध्यम से बताया गया । प्रधानाध्यापक गौरीशंकर यादव ने कहा विद्यालय स्तर पर इस प्रकार की नई और रोचक गतिविधियां बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बढ़ाने के साथ उनकी रचनात्मक क्षमता को भी विकसित करती हैं। प्रशिक्षण में गणित विषय पर दुर्गा दास भंडारी, जबकि विज्ञान विषय पर काचंन गोपाल मंडल ने विद्यार्थियों को रोचक व गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया ताकि बच्चों में कुछ सीखने की ललक जगाई जा सके। इस एक्टिविटी को कराने के लिए जामताड़ा के सेवानिवृत शिक्षक दुर्गा दास भंडारी ओर कंचन गोपाल मंडल जी प्रशिक्षक के तौर से आये थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सुभद्रा चेरिटेबल ट्रस्ट के जिला समन्वयक उदय शंकर भंडारी द्वारा कराया गया। मौके पर शिक्षक जगन्नाथ वाउरी, मानस मंडल, जयंत सिन्हा सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

ट्रैक मरम्मत के चलते 24 जुलाई को कई मेमू ट्रेनें रहेंगी आंशिक रूप से संचालित

जामताड़ा। साउथ ईस्टर्न रेलवे द्वारा 24 जुलाई 2026 को किता और सिल्ली स्टेशनों के बीच ट्रैक मेंटेनेंस कार्य कराया जाएगा। इस कारण कुछ मेमू ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। रेलवे के अनुसार 13503/13504 बर्धमान-हटिया-बर्धमान मेमू एक्सप्रेस अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान गोमोह तक ही चलेगी तथा वहीं से वापस रवाना होगी। इसी तरह 63598/63597 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर का परिचालन मुरी स्टेशन तक सीमित रहेगा और वहीं से इसकी वापसी होगी।रेल प्रशासन ने बताया कि रखरखाव कार्य के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए यह बदलाव केवल 24 जुलाई की यात्रा के लिए लागू रहेगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

फतेहपुर में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर शुरु

जामताड़ा। जामताड़ा जिले के फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को परिवहन विभाग की ओर से आयोजित विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का सफल शुभारंभ हुआ। उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के पहले दिन कुल 106 लोगों ने आवेदन जमा किए। दस्तावेजों की जांच और निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट के बाद 73 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए, जिन्हें मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया। वहीं 33 आवेदक टेस्ट में सफल नहीं हो सके। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर इस सुविधा का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास, मोटर वाहन निरीक्षक बरकत अंसारी तथा परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

सड़क पर छात्र, बहरी सरकार फिर कैसा लोकतंत्र?

आज देश का युवा और छात्र वर्ग गहरे संकट में है। जब भी इतिहास में बड़े बदलाव हुए हैं, उनकी शुरुआत हमेशा कॉलेजों से ही हुई है। छात्र देश का भविष्य होते हैं, कोई अपराधी नहीं। लेकिन आज जब देश का छात्र अपनी पढ़ाई, परीक्षाओं में धांधली या रोजगार की मांग लेकर सड़कों पर उतरता है, तो उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है। एक तरफ सरकार उनकी जायज मांगों को सुनने से मना कर देती है, तो दूसरी तरफ उन पर पुलिस की लाठियां और आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं। सरकार बातचीत के बजाय दमन का रास्ता चुन रही है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो जनता आखिर कहां जाए? एक सच्चे लोकतंत्र की खूबी यह होती है कि वहां विरोध प्रदर्शनों का सम्मान किया जाता है। सरकार का कर्तव्य है कि वह प्रदर्शनकारी छात्रों को बुलाए, उनकी समस्याओं को समझे और मिलकर रास्ता निकाले। लेकिन मौजूदा समय में संवाद की जगह पूरी तरह खत्म हो चुकी है। सत्ता में बैठे लोग इतने अहंकारी हो चुके हैं कि उन्हें जनता की आवाज सिर्फ एक शोर लगती है। जब युवाओं से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार भी छीन लिया जाए, तो लोकतंत्र का मूल ढांचा ही खतरे में पड़ जाता है। छात्रों पर झूठे मुकदमे दर्ज करना और उनके भविष्य को बर्बाद करना किसी भी लोकतांत्रिक देश की पहचान नहीं हो सकती।

जब कार्यपालिका यानी सरकार पूरी तरह बहरी और अंधी हो जाती है, तो देश का आम नागरिक न्याय की आखिरी उम्मीद लेकर न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाता है। भारत में सुप्रीम कोर्ट को संविधान का रक्षक और जनता का सबसे बड़ा कवच माना गया है। हर पीड़ित व्यक्ति को यह विश्वास होता है कि भले ही पूरी दुनिया उसका साथ छोड़ दे, लेकिन देश की सबसे बड़ी अदालत उसे न्याय जरूर देगी। लेकिन जब इसी अदालत से यह सुनने को मिले कि हमारे पास समय नहीं है या हम इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते और न ही वीडियो देख सकते हैं हमारा वक्त बर्बाद न करें, तो देश के युवाओं का भरोसा पूरी तरह टूट जाता है। यह सिर्फ एक अदालती टिप्पणी नहीं है, बल्कि यह उस करोड़ों युवाओं की उम्मीदों पर बहुत गहरी चोट है जो दिन-रात मेहनत करके देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अगर देश के सर्वोच्च न्यायालय के पास युवाओं पर हो रहे अत्याचारों को देखने का समय नहीं होगा, तो फिर इस देश में न्याय की क्या परिभाषा रह जाएगी? अदालतें तकनीकी कारणों का हवाला देकर इतने गंभीर और संवेदनशील मामलों से पल्ला नहीं झाड़ सकतीं। जब सड़कों पर छात्रों का खून बह रहा हो और पुलिस बर्बरता के वीडियो सामने आ रहे हों, तब अदालत का यह कहना कि हमारे पास समय नहीं है, न्याय व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है। अब सवाल यह उठता है कि अगर सरकारें दमन करेंगी और अदालतें व्यस्तता का बहाना बनाएंगी, तो फिर यह कैसा लोकतंत्र है? लोकतंत्र सिर्फ पांच साल में एक बार वोट देने का नाम नहीं है। लोकतंत्र एक जीवित व्यवस्था है, जो हर दिन नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने से चलता है। अगर नागरिकों को अपनी बात कहने का हक नहीं है, और न्याय मांगने पर उन्हें सिर्फ निराशा मिलती है, तो यह लोकतंत्र केवल कागजों पर ही जिंदा रहेगा।

लोकतांत्रिक आंदोलनों की पवित्रता और बाहरी तत्वों की घुसपैठ का गंभीर खतरा

अशोक भाटिया

देश की राजधानी दिल्ली का जंतर-मंतर एक बार फिर एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक घमासान का केंद्र बन गया है। हाल ही में कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान जो कुछ भी देखने को मिला, उसने देश के जागरूक नागरिकों, सुरक्षा एजेंसियों और विचारकों को गहरे चिंता में डाल दिया है। किसी भी जीवंत लोकतंत्र में शांतिपूर्ण असहमति और विरोध प्रदर्शन जनता का मौलिक अधिकार है। भारतीय संविधान ने नागरिकों को अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने की स्वतंत्रता दी है, लेकिन जब इस स्वतंत्रता की आड़ में अराजकता का नग्न नृत्य होने लगे, तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। छ्छक के हालिया आंदोलन में जिस तरह से सुरक्षा बलों पर पथराव हुआ, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और दो सहायक पुलिस आयुक्तों सहित छह पुलिसकर्मियों को लहूलुहान किया गया, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यह प्रदर्शन अब अपने मूल दिशा और वैचारिक मर्यादा से पूरी तरह भटक चुका है। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू दिल्ली पुलिस का यह बयान है कि इस आंदोलन के आयोजकों का यह साझा दावा है कि इस पूरे प्रदर्शन पर %बाहरी असामाजिक तत्वों% ने कब्जा कर लिया है।

जब आयोजक खुद यह स्वीकार करने लगें कि उनका आंदोलन उनके नियंत्रण से बाहर हो चुका है और कुछ उपद्रवी तत्वों ने इसे हाईजैक कर लिया है, तो यह देश की आंतरिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति और सामाजिक आंदोलनों में यह एक बहुत ही खतरनाक और सोची-समझी परिपाटी बन चुकी है। कोई भी जायज या नाजायज मांग लेकर शुरू हुआ प्रदर्शन अंततः देशविरोधी, अराजक या विशुद्ध रूप से उपद्रवी तत्वों का चारागाह बन जाता है। आंदोलन चाहे छात्रों का हो, किसानों का हो, या किसी राजनीतिक दल का, उसके मंचों और भीड़ में कुछ ऐसे चेहरे दाखिल हो जाते हैं जिनका आंदोलन के मूल एजेंडे से कोई सरोकार नहीं होता। उनका एकमात्र उद्देश्य भीड़ की आड़ लेकर हिंसा को भड़काना, कानून-व्यवस्था को पंगु बनाना और सरकार के खिलाफ एक हिंसक नैरेटिव तैयार करना होता है। छ्छक के प्रदर्शन में भी यही रणनीति साफ दिखाई दी, जहां शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने आए आम कार्यकर्ताओं को पीछे धकेलकर पथराव करने वाले चेहरों को आगे कर दिया गया।

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में पुलिस या सुरक्षा बल किसी दल विशेष के नहीं, बल्कि देश के कानून और व्यवस्था के रक्षक होते हैं। जंतर-मंतर पर तैनात पुलिसकर्मी वहां किसी का दमन करने नहीं, बल्कि राजधानी की सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मुस्तैद थे। उन पर सोचे-समझे ढंग से पत्थरों और लाठियों से हमला करना केवल ड्यूटी पर तैनात जवानों पर हमला नहीं है, बल्कि यह देश के कानून के इकबाल को चुनौती देना है। जब उपद्रवी तत्व कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों को निशाना बनाने लगें, तो समझ लेना चाहिए कि उनका मकसद अपनी मांगें मनवाना नहीं, बल्कि अराजकता फैलाकर राज्य को अस्थिर करना है। दिल्ली पुलिस द्वारा इस मामले में 10 से अधिक एफआईआर दर्ज करना यह दिखाता है कि स्थिति कितनी गंभीर और अनियंत्रित हो चुकी थी। सुरक्षा बलों को आत्मरक्षा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और लाठीचार्ज जैसे सख्त कदम उठाने पड़े, जिसे आयोजकों ने भले ही ÷अमानवीय÷ करार दिया हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यदि समय रहते बल प्रयोग न किया जाता तो राजधानी एक बड़ी त्रासदी का गवाह बन सकती थी।

इस पूरे घटनाक्रम में छ्छक और आंदोलन के शीर्ष नेतृत्व की भूमिका और जवाबदेही पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े होते हैं। यह तर्क बेहद खोखला और गैर-जिम्मेदाराना है कि ÷उपद्रवी हमारे नियंत्रण से बाहर थे÷ या ÷वे हमारे लोग नहीं थे।÷ जब आप किसी बड़े प्रदर्शन का आह्वान करते हैं और हजारों की भीड़ को एक जगह इकट्ठा होने का आमंत्रण देते हैं, तो उस भीड़ के आचरण की प्राथमिक जिम्मेदारी आपकी होती है। आयोजक केवल तालियां बटोरने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए मंच पर नहीं बैठ सकते; उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बैनर तले कोई असामाजिक तत्व देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करे। यदि आंदोलन में कोई बाहरी तत्व घुस आया था, तो आयोजकों ने स्वयं उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले क्यों नहीं किया? उन्होंने समय रहते मंच से ऐसे तत्वों की निंदा क्यों नहीं की और अपने शांतिप्रिय कार्यकर्ताओं को उनसे अलग क्यों नहीं किया? हिंसा भड़क जाने के बाद खुद को पीड़ित दिखाना और पुलिसिया कार्रवाई को अमानवीय बताना एक पुरानी और घिसी-पिटी राजनीतिक पटकथा का हिस्सा मात्र है, जिसे अब देश की जनता भली-भांति समझने लगी है। आज के डिजिटल और सोशल मीडिया के युग में कोई भी स्थानीय आंदोलन सिर्फ एक शहर या देश तक सीमित नहीं रहता। जंतर-मंतर जैसी संवेदनशील जगहों पर होने वाली हर छोटी-बड़ी घटना को वैश्विक स्तर पर मॉनिटर किया जाता है। भारत की बढ़ती वैश्विक साख और मजबूत अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने के लिए कई ऐसी ताकतें सक्रिय हैं जो देश के भीतर अशांति का माहौल देखना चाहती हैं। ऐसी विदेशी और देशविरोधी ताकतों के लिए स्थानीय राजनीतिक दलों के प्रदर्शन सबसे आसान माध्यम बनते हैं। इन प्रदर्शनों में घुसपैठ करने वाले असामाजिक तत्वों को अक्सर पीछे से फंडिंग और रणनीतिक समर्थन प्राप्त होता है। उनका लक्ष्य दिल्ली की सड़कों पर खून-खराबा, आगजनी और आंसू गैस के गोले चलते हुए दिखाना होता है ताकि दुनिया भर में भारत की छवि एक %अशांत और अस्थिर राष्ट्र% के रूप में पेश की जा सके। छ्छक के आंदोलन में जिस तरह अचानक और संगठित रूप से पत्थरबाजी शुरू हुई, वह किसी तात्कालिक गुस्से का परिणाम नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और पहले से तैयार की गई स्क्रिप्ट का हिस्सा प्रतीत होती है।

भारतीय राजनीति का यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है कि राजनीतिक दल सत्ता में रहते हुए कानून-व्यवस्था की दुहाई देते हैं, लेकिन विपक्ष में आते ही वे हर तरह के उपद्रव और अराजकता को जनता का आक्रोश बताकर जायज ठहराने लगते हैं। छ्छक के इस प्रदर्शन में भी विपक्ष के कई बड़े चेहरों की मौन सहमति या परोक्ष समर्थन की बू आती है। जब तक राजनीतिक दल अपने संकुचित चुनावी फायदों के लिए असामाजिक तत्वों को संरक्षण देना बंद नहीं करेंगे, तब तक देश की सड़कों पर ऐसी हिंसक घटनाएं होती रहेंगी। यदि आज छ्छक के प्रदर्शन को असामाजिक तत्वों ने हाईजैक किया है, तो कल किसी अन्य दल के आंदोलन के साथ भी यही होगा। इसलिए, सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक सुर में यह तय करना होगा कि वे किसी भी हिंसक तत्व को अपने मंच का इस्तेमाल नहीं करने देंगे।

इस असाध्य बीमारी का इलाज केवल पुलिस की लाठियों या एफआईआर से संभव नहीं है। इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जैसे भविष्य में ऐसे किसी भी बड़े प्रदर्शन की अनुमति देने से पहले आयोजकों से एक लिखित हलफनामा लिया जाना चाहिए। यदि आंदोलन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है या हिंसा होती है, तो उसका पूरा हर्जाना आयोजकों की संपत्ति जब्त करके वसूल किया जाना चाहिए।जंतर-मंतर और दिल्ली के अन्य प्रदर्शन स्थलों पर अत्याधुनिक फेशियल रिकग्निशन कैमरे और ड्रोन तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होना चाहिए, ताकि भीड़ में छिपे पेशेवर अपराधियों और उपद्रवियों की पहचान वास्तविक समय में की जा सके। किसी भी संगठन को प्रदर्शन की अनुमति तभी मिलनी चाहिए जब उनके पास भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अपने स्वयं के प्रशिक्षित वॉलेंटियर्स की एक मजबूत टीम हो, जो बाहरी तत्वों को तुरंत पहचान कर बाहर कर सके।

जंतर-मंतर की इस घटना ने एक बार फिर देश को आत्मचिंतन के मोड़ पर खड़ा कर दिया है। असहमति का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन अराजकता लोकतंत्र की हत्यारी है। छ्छक के प्रदर्शन पर बाहरी और असामाजिक तत्वों का यह कब्जा इस बात का प्रमाण है कि यदि हम अब भी नहीं संभले, तो देश के जायज आंदोलनों से जनता का विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा। सरकार, न्यायपालिका, सुरक्षा एजेंसियों और देश के सभी जिम्मेदार राजनीतिक दलों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि विरोध प्रदर्शनों के नाम पर राजधानी की सड़कों को बंधक बनाने और सुरक्षा बलों के खून से होली खेलने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। लोकतंत्र की गरिमा और देश की कानून-व्यवस्था की रक्षा हर राजनीतिक दल के एजेंडे से ऊपर और सर्वोपरि होनी चाहिए।

पाकुड़ की खबरें

एकांत में संचालित विद्यालय में पहुंचे नशे में धुत असामाजिक तत्व, छात्राओं में दहशत

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के ट्यूटोला के समीप पहाड़ पर स्थित बंद पड़े आश्रम विद्यालय भवन में संचालित वीर शिबू सोरेन मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्राओं ने गुरुवार को सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी। विद्यालय में हुई एक घटना से डरे-सहमे दर्जनों छात्र-छात्राएं प्रखंड कार्यालय पहुंच गए और सुरक्षा की मांग की। छात्राओं का आरोप है कि गुरुवार को पढ़ाई के दौरान कुछ नशे में धुत असामाजिक तत्व विद्यालय परिसर में पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने कुछ छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्द कहे। घटना से छात्राएं काफी भयभीत हो गयीं। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार देहरी को पूरी घटना की जानकारी दी। शिक्षक विकास कुमार देहरी ने बताया कि सूचना मिलते ही अमड़ापाड़ा थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। पुलिस तत्काल विद्यालय पहुंची और घटना की जानकारी लेने के साथ परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय एकांत क्षेत्र में संचालित होने के कारण इस तरह की घटनाओं से छात्र-छात्राओं में असुरक्षा की भावना बढ़ गयी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक कुल 83 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां तिलईपाड़ा पहाड़, बड़ा पालमा, बड़ा बास्को, बड़ा बास्को पहाड़ सहित आसपास के कई गांवों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों में भी चिंता व्याप्त है। घटना के बाद छात्र-छात्राएं अपनी समस्या लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे ताकि संबंधित अधिकारियों को अपनी सुरक्षा संबंधी मांग से अवगत करा सकें। हालांकि, खबर भेजे जाने तक छात्र-छात्राओं की किसी भी पदाधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी थी। इधर थाना से मिली जानकारी के अनुसार घटना को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय के आसपास पुलिस गश्ती बढ़ा दी गयी है। पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी रख रही है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र-छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है।

नीट परीक्षा विवाद को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच और छात्रों की मांगें पूरी करने की उठाई मांग

संताल एक्सप्रेस

पाकुड़। नीट परीक्षा विवाद और छात्रों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा छात्रों की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव उदय लखमणि ने किया। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्र कथित परीक्षा अनियमितताओं को लेकर न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप था कि आंदोलन कर रहे छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेने की मांग की। साथ ही आंदोलन के दौरान प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने और प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने की भी अपील की।उदय लखमणि ने नई दिल्ली में हुए विपक्षी नेताओं के प्रदर्शन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों पर कार्रवाई उचित नहीं है।विरोध-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनव्वर आलम, वरिष्ठ कांग्रेसी शाहीन परवेज, सोशल मीडिया प्रभारी पियारूल इस्लाम, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिलाल शेख, नसीम आलम, राजू, देबू विश्वास, विधायक प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जंतर मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों एवं नौजवानों के आंदोलन के दौरान कथिततौर पर लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के नेतृत्व में पाकुड़ में आक्रोश मार्च निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने रविंद्र चौक पहुंचकर केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूंका और घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी की।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि छात्र और नौजवान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे में उन पर लाठीचार्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्र कड़ी मेहनत और ईमानदारी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक और परीक्षा में कथित गड़बड़ियों से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन आज युवा बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं से परेशान हैं। झामुमो छात्रों और नौजवानों के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़ा है।वहीं, जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, केंद्रीय सदस्य श्याम यादव और केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों एवं नौजवानों पर कथित लाठीचार्ज की पार्टी कड़ी निंदा करती है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, जिला संगठन सचिव मुस्लोद्दीन अंसारी, जिला सह सचिव कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष दासों मुर्मू, छात्र मोर्चा जिला सचिव तौसीफ इकबाल सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

गनपुरा-तालडीह मुख्य सड़क बदहाल जानलेवा गड्ढों से राहगीर परेशान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़िया (पाकुड़)। प्रखंड क्षेत्र के गनपुरा चौक से तालडीह जाने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। दुमका और काठीकुंड को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से जर्जर पड़ी है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।गनपुरा से तालडीह के बीच, विशेषकर पिपवा रोड के पास, सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि यह समझना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यह सड़क पाकुड़िया प्रखंड को दुमका और काठीकुंड जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है। रोजाना सैकड़ों वाहन और हजारों लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। खराब सड़क के कारण वाहनों में आए दिन खराबी आ रही है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों तथा आपातकालीन सेवाओं को हो रही है। कई बार एंबुलेंस को भी मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से सड़क की मरम्मत और नवनिर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से पिपवा रोड सहित पूरे गनपुरा-तालडीह मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में तंबाकू बरामद, युवक को टक्कर मारने के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा चालक

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि पाकुड़। नगर थाना पुलिस ने बुधवार देर रात एक स्कॉर्पियो वाहन से भारी मात्रा में तंबाकू बरामद किया है। यह कार्रवाई पाकुड़-दुमका मुख्य मार्ग पर सिद्धू-कान्हू मुर्मू पार्क के समीप की गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन युवक ने साहस का परिचय देते हुए कुछ दूरी तक उसका पीछा किया और वाहन रुकवा दिया। इसके बाद नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा और स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर तलाशी ली। वाहन में बड़े-बड़े बोरों में तंबाकू भरा मिला। पूछताछ में चालक ने बताया कि तंबाकू की खेप पश्चिम बंगाल के शमशेरगंज क्षेत्र से लोड की गई थी और उसे महेशपुर ले जाया जा रहा था।घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता थाना पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उधर एसडीपीओ कुमार गौरव ने भी चालक से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में वाहन में तंबाकू लदा होने की पुष्टि हुई है। नियमानुसार दंडाधिकारी की उपस्थिति में वाहन की विस्तृत तलाशी ली जाएगी, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रखरखाव के अभाव में बदहाल हुआ जबरदहा फुटबॉल स्टेडियम, शराबियों का बना अड्डा

संताल एक्सप्रेस

हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर प्रखंड के जबरदहा स्थित फुटबॉल स्टेडियम इन दिनों रखरखाव के अभाव में बदहाल हो गया है। कभी खिलाड़ियों के अभ्यास और खेल प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र रहा यह स्टेडियम आज जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। परिसर में प्रतिदिन शराबियों का जमावड़ा लगने से खेल गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं और स्थानीय खिलाड़ियों में नाराजगी है।

वर्ष 2011-12 में विशेष प्रमंडल, पाकुड़ द्वारा लगभग 69 लाख रुपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण कराया गया था। यहां खिलाड़ियों के लिए कक्ष, सीढ़ीनुमा दर्शक दीर्घा, चारदीवारी सहित कई सुविधाएं विकसित की गई थीं। लेकिन वर्तमान में भवन के दरवाजे और खिड़कियां टूट चुकी हैं, दर्शक दीर्घा जर्जर हो गई है तथा कमरों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के दौरान स्टेडियम परिसर में खुलेआम अवैध शराब की खरीद-बिक्री होती है। अन्य दिनों में भी यहां शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। मैदान में जुआ खेलने की शिकायतें भी लगातार सामने आती रही हैं, जिससे पूरे परिसर में गंदगी फैली रहती है और आम लोगों का यहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है।इन समस्याओं के बावजूद स्थानीय खेल प्रेमी और खिलाड़ी अपने स्तर पर मैदान की सफाई कर फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। नियमित रूप से खिलाड़ी इसी मैदान में अभ्यास भी करते हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक स्टेडियम के रखरखाव, सुरक्षा और साफ-सफाई के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए यह स्टेडियम बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इसी मैदान के समीप इंडोर स्टेडियम निर्माण की संभावना को लेकर जिला प्रशासन पूर्व में निरीक्षण भी कर चुका है। लोगों ने प्रशासन से स्टेडियम का शीघ्र जीर्णोद्धार, नियमित रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर में अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण

ट्राइसाइकिल-व्हीलचेयर सहित कई सामग्री वितरित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) हिरणपुर परिसर में गुरुवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में चयनित बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, बैसाखी, हियरिंग एड सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए।इस अवसर पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआईएमसीओ), रांची की विशेषज्ञ टीम ने लाभुकों को उपकरण वितरित किए तथा उनके सही उपयोग की विस्तृत जानकारी भी दी। टीम में प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट संजय मेहता, ऑडियोलॉजिस्ट शशिकुमार गिरी, प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट रंजीत कुमार तथा डायग्नोस्टिक विशेषज्ञ रूप कैथवार शामिल थे।

पूर्व रेलवे

ई-ठिका नेवता खोबोर

आसनसोल मंडल होतेते जुदा-जुदा स्थैतिक सेवाको लागित् ठिका एमोक्

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 होतेते **ठिका एमोक् लागित्** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते ई-ठिका नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् विवोरोन नोआ लेका काना: **सूचीपत्र सं.:** एएसएन-एमएसएस-05-08। **नीलामी एहोबोक् तारीक आर सोमोय:** 05.08.2026 हिलोक् 13.00 बजे। **सिक्वेंस सं.: लॉट सं.: विवोरोन: एए/1; एमएसएस-एएसएन-जीआरडी-एसआईपीओडी-165-26-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - स्टेशन रे स्लीपिंग पॉड्स); गिरिडीह (जीआरडी) रेलवे स्टेशन रे 05 बोछोर सोमोय लागित् स्लीपिंग पॉड रेयाक् लाहांती, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन लागित् ठिका। **एए/2; एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसआईपीओडी-163-26-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको- स्टेशन रे स्लीपिंग पॉड्स) ; दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रे 05 बोछोर सोमोय लागित् स्लीपिंग पॉड रेयाक् लाहांती, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन लागित् ठिका। **एबी/1;एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमएसीएचआर-31-25-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको- जिराक् कुर्सी) ; देवघर स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म सं. 01 रे रफ स्केच प्लान रे दारसाव आकान चिन्हाउ ठांव रे जिराक् कुर्सी बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एसी/1; एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-मेडएसटीएन-158-26-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको- स्टेशन रे चिकित्सा सुबिताको); दुमका स्टेशन रे मेडिकल स्टोर बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एडी/1; एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसएस-115-25-1** (विविध-स्थैतिक-सेवाको- सैलोन सेवाको) ; दुमका स्टेशन रे सैलोन सेवाको बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एडी/2; एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएस-32-25-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - सैलोन सेवाको); दुर्गापुर स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे रफ स्केच प्लान रे उदुक् आकात् चिनहाप जायगा रे सैलोन सेवाको बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एई/1; एमएसएस-एएसएन-बीएसकेएच-पीएसकेएसके-175-26-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - पूजा जिनिस कियोस्क); बासुकीनाथ स्टेशन रे पूजा जिनिस कियोस्क बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एएफ/1; एमएसएस-एएसएन-सीएएम-एसटीजीईएन-148-26-1** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - स्थैतिक सामान्य); एमडीजेडटीआई/भुली धनबाद रे सेलेत् आकात् स्केच प्लान रे चिनहाप मेनाक् जायगा रे 120 वर्ग फीट (6 फीट X फीट) क्षेत्रफल रेयाक् रिटेल स्टोर बाईसाउ, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन। **एएफ/2; एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-149-26-2** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - स्थैतिक सामान्य) ; रानीगंज स्टेशन रे (क्षेत्रफल 120 वर्ग फीट) स्केच प्लान लेका रे रिटेल स्टोर बाईसाउ आर चालाव-बानाव। **एएफ/3; एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-137-26-2** (जुदा-जुदा-स्थैतिक-सेवाको - स्थैतिक सामान्य); दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रे रिटेल स्टोर बाईसाउ, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन। जोतो नामडाक बोलीदाताको पुराउ बानाडाय आर अनुसूची लेका रे चेतान रे ओलकान ई-नीलामी रे सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

(ASN-191/2026-27)

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) देवघर जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को जिला अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में टावर चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे,नीट-2026 परीक्षा एवं सीबीएसई मूल्यांकन में कथित गड़बड़ियों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में किया गया।0जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि छात्रों पर बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ है। यदि केंद्र सरकार इसी तरह निर्दोष लोगों पर लाठीचार्ज और दमनात्मक कार्रवाई करती रही तो झामुमो आंदोलन तेज करेगा। पूर्व प्रवक्ता सुरेश साह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और शिक्षा व्यवस्था सहित कई मामलों में जवाबदेही से बच रही है। पूर्व प्रत्याशी परिमल सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल रही है और आंदोलन करने पर दमन कर रही है। महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम देवी ने घायल छात्राओं को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। छात्र मोर्चा के जिला सचिव संजय मेहरा ने लाठीचार्ज को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य नंदकिशोर दास, लड्डू नरौने,जयप्रकाश मंडल, मनोज दास,प्रदीप चौधरी, दीपक दास,विपिन यादव, श्यामकांत झा,प्रकाश पांडे, जयनाथ मंडल,अजय नारायण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रों के हित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को लेकर कांग्रेस का धरना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में टावर चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास की अध्यक्षता में छात्रों के हितों एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार की छात्र एवं युवा विरोधी नीतियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते दबाव के विरोध में आवाज उठाई गई। धरना के बाद कांग्रेस के

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त देवघर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले छात्रों एवं युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा उनके लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों की समस्याओं की अनदेखी जारी रही तो पार्टी जनहित में अपने आंदोलन को और व्यापक बनाएगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दिनेशानंद झा, अशोक कुमार सिंह, केदार दास, सुधीर कुमार देव, अमरेंद्र कुमार सोना, गणेश दास, जियाउल हसन, मकसूद आलम, आशीष भारद्वाज, अनुराग आनंद सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

नीट पेपर लीक के विरोध में इंटक और महिला कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

देवघर संताल एक्सप्रेस । जसीडीह स्थित चकाई मोड़ पर देवघर जिला इंटक एवं जिला महिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, प्रदेश सचिव सह संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश सचिव अजय कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने अथवा उन्हें पद से हटाने की मांग की। साथ ही दिल्ली में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की। इंटक जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से छात्रों में निराशा है। वहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला देवी ने छात्रों के समर्थन में हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। इस अवसर पर मोहम्मद बिलाल, मणिकांत यादव, रामरेख यादव, तुलसी पोद्दार, रमाकांत यादव, नूनू खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देवघर जिला क्रिकेट एसोसिएशन चुनाव में 22 उम्मीदवार मैदान में

देवघर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो गई। नामांकन दाखिल करने का समय शाम चार बजे तक निर्धारित था। सभी उम्मीदवारों ने चुनाव पदाधिकारी राजकुमार शर्मा के समक्ष अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 26 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के एक पद, वरीय उपाध्यक्ष के दो पद, सचिव के एक पद, उपाध्यक्ष के आठ पद, संयुक्त सचिव के आठ पद तथा कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए चुनाव होना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कार्यकारी अध्यक्ष के एक पद के लिए एक उम्मीदवार, वरीय उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए दो उम्मीदवार, सचिव के एक पद के लिए एक उम्मीदवार, उपाध्यक्ष के आठ पदों के लिए आठ उम्मीदवार तथा संयुक्त सचिव के आठ पदों के लिए आठ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इन सभी पदों पर उम्मीदवारों की संख्या पदों के बराबर रहने से निर्विरोध निर्वाचन की संभावना है। कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकाबला रोचक होने के आसार हैं। इस पद के लिए राकेश पांडे और आलोक कुमार राजहंस ने नामांकन दाखिल किया है। दोनों के बीच चुनाव होने की संभावना है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद उम्मीदवारों को शाम छह बजे तक नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। इसके उपरांत 26 जुलाई को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान और मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर तिलक सेवा समिति ने की कवि गोष्ठी

देवघर संताल एक्सप्रेस । तिलक सेवा समिति, देवघर (झारखंड) के तत्वावधान में श्रीकांत रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल, बेलाबगान में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भव्य समारोह सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने अपने संबोधन में लोकमान्य तिलक के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका उद्घोष ÷स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे÷ आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के अदम्य साहस और बलिदान का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि केशरी तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बृजभूषण राम ने दोनों महान क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंच संचालन फाल्गुनी मरिक कुशवाहा ने किया, जबकि बचपन प्ले स्कूल की रूपा श्री ने अतिथियों का स्वागत किया। कवि गोष्ठी में विजय शंकर, अशोक पांडेय, वीरेश वर्मा, जलेश्वर ठाकुर, अरुण शर्मा, बबन बढ़ैया, धीरेंद्र छत्तरवाला, शिप्रा झा, अर्चना झा, देव कुमार चटर्जी, कपिल देव राणा, अविनाश महतो, प्रशांत कुमार सिन्हा सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर समिति के महासचिव डॉ. विक्रम कुमार, कोषाध्यक्ष वशिष्ठ राणा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

देवघर चोरी कांड के दो शातिर गिरफ्तार

चोरी के जेवर, नकदी और पीतल-कांसा के बर्तन बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की बड़ी वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए बिहार के जमुई जिले के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के जेवर, 1.45 लाख रुपये नकद तथा पीतल और कांसा के बर्तन बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। देवघर एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि पुरनदाहा मोहल्ला निवासी 63 वर्षीय उमेश तिवारी के लिखित आवेदन पर 18 जुलाई 2026 को नगर थाना में कांड संख्या 276/26 दर्ज किया गया था। शिकायत में अज्ञात अपराधियों पर घर में चोरी करने का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के घरवासन निवासी 55 वर्षीय राधो पासवान और जिमतपुर निवासी 42 वर्षीय मुरारी पासवान को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया। बरामद सामान में चांदी जैसे दिखने वाले चेन, मठिया, पान के पत्ते, ब्रासलेट, सुपारी, पायल, सिक्के, सोने जैसे दिखने वाले दो मंगलसूत्र, एक मांगटीका, 1 लाख 45 हजार रुपये नकद तथा पीतल और कांसा के बर्तन शामिल हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दोनों गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई संगीन मामलों में जेल जा चुके हैं। राधो पासवान के खिलाफ बोकारो, धनबाद और देवघर में डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार और चोरी का सामान रखने जैसे मामलों में कई कांड दर्ज हैं। वहीं मुरारी पासवान के खिलाफ भी बिहार और झारखंड में चोरी, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास सहित कई मामलों का रिकॉर्ड है। इस कार्रवाई में नगर थाना, रिखिया थाना, कुंडा थाना सहित कई पुलिस अधिकारियों और सशस्त्र बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और चोरी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

एबीवीपी ने ए.एस. कॉलेज की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, 10 दिनों में समाधान की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ए.एस. महाविद्यालय इकाई ने महाविद्यालय की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने छात्र-छात्राओं से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए महाविद्यालय प्रशासन को 10 दिनों का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर छात्रहित में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद प्राचार्य ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ए.एस. महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना महाविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। लंबे समय से छात्र विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं,जिनका जल्द समाधान होना चाहिए। महाविद्यालय मंत्री उत्तम कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही है। ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय प्रशासन को मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया गया है और परिषद समाधान होने तक लगातार प्रयास करती रहेगी। इस अवसर पर नगर मंत्री दीपक कुमार, उपाध्यक्ष सत्यम, स्वीटी, सहमंत्री गुलशन, सिमरन सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

साइबर ठगी करने वाले सात अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में 22 जुलाई को पाथरौल थाना क्षेत्र में छापेमारी कर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सभी की संलिप्तता ऑनलाइन ठगी के मामलों में सामने आई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पाथरौल इलाके में कुछ लोग फ्लिपकार्ट, अमेजन पे, एयरटेल पेमेंट बैंक और गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर के नाम से फर्जी प्रतिनिधि बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नसीम अंसारी, दीपक कुमार दास, अमानुल हक, गोपी पंडित, विजय कुमार दास, भविष्य कुमार और अजय कुमार के रूप में हुई है। इनमें छह आरोपी देवघर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं, जबकि एक आरोपी जामताड़ा जिले का निवासी है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को गूगल पे, फोनपे और पेटीएम का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर कैशबैक का लालच देते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल का एक्सेस हासिल कर बैंक खातों से रकम उड़ा लेते थे। आरोपी एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी बनकर एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिए कार्ड बंद होने और दोबारा चालू कराने का झांसा देकर भी लोगों से ठगी करते थे।

छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 13 मोबाइल फोन, 14 सिम कार्ड और एक प्रतिबिंब सिम बरामद किया गया। जब्त मोबाइल और सिम कार्ड की प्रारंभिक तकनीकी जांच में इनके इस्तेमाल साइबर ठगी में होने के संकेत मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि तकनीकी जांच के दौरान जब्त मोबाइल नंबर और आईएमईआई नंबरों के संबंध में देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज मिली हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह के तार किन-किन राज्यों और अन्य साइबर अपराधियों से जुड़े हैं।

गीता देवी डीएवी भंडारकोला में आज से शुरू होगी डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर प्रतियोगिता

देवघर संताल एक्सप्रेस । सातर रोड स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला में दो दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर-X प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार से होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न डीएवी विद्यालयों के लगभग 1000 खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस खेल महोत्सव में योग, वॉलीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वुशु, ताइक्वांडो, कराटे, रोप स्कीपिंग तथा एरोबिक्स सहित कुल 10 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जामताड़ा, पाकुड़, महेशपुर, गोड्डा, कोयला नगर, सिंदरी, मुगमा, चित्रा, कॉस्टर टाउन तथा भंडारकोला डीएवी के खिलाड़ी भाग लेंगे। विद्यालय परिसर में प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के आवास,भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं खेल स्थलों की समुचित व्यवस्था की गई है,ताकि सभी प्रतिभागियों को बेहतर खेल वातावरण मिल सके। विद्यालय के प्राचार्य मो. मुस्तफा मजीद ने कहा कि खेल अनुशासन,टीम भावना, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सर्वोत्तम माध्यम है। मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने बताया कि उद्घाटन समारोह में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक, प्रशिक्षक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

झारखंड जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए देवघर की टीम रांची रवाना, पदक जीतने का लक्ष्य

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड राज्य जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए देवघर की टीम गुरुवार को रांची रवाना हो गई। 24 से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देवघर का प्रतिनिधित्व अनुराग रंजन, मानव, मानवी, नायरा वाजपेयी, सचिन कुमार और अंशुमन कुमार करेंगे। इन खिलाड़ियों का चयन 28 जून को आयोजित जिला स्विमिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए स्विमिंग शार्क एकेडमी द्वारा नंदन पहाड़ लेक में एक माह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। जिला स्विमिंग संघ के अध्यक्ष सुरेशानंद झा ने कहा कि पिछले वर्ष सीमित संसाधनों के बावजूद देवघर के खिलाड़ियों ने दो पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया था। इस बार टीम से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम के साथ कोच मुन्ना पासवान, मैनेजर कृष्ण कुमार और फिजियो डॉ. विकास भी रांची गए हैं। रवाना होने से पूर्व अध्यक्ष सुरेशानंद झा एवं आजाद पाठक ने खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्य कोच सुधाकर चौधरी, नवीन शर्मा, रोहित रंजन, ज्ञान शाही सहित संघ के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन और अधिक से अधिक पदक जीतकर लौटने की शुभकामनाएं दीं।

गुटखा बैन, फिर भी शहर में प्रचार देवघर में होर्डिंग्स पर आजसू ने उठाए सवाल

देवघर । झारखंड में गुटखा, पान मसाला और निकोटिन युक्त तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध के बावजूद देवघर में इनके प्रचार-प्रसार का मामला सामने आया है। आजसू पार्टी ने शहर के विभिन्न स्थानों, विशेषकर टावर चौक, मंदिर क्षेत्र और श्रावणी मेला मार्ग पर लगे गुटखा उत्पादों के होर्डिंग और विज्ञापनों पर कड़ी आपत्ति जताई है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गोड्डा जिला प्रभारी ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि प्रतिबंधित उत्पादों का खुलेआम प्रचार कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की आस्था नगरी में इस तरह के विज्ञापन धार्मिक माहौल के अनुरूप नहीं हैं और श्रावणी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मामले में हस्तक्षेप कर पूरे राज्य में प्रतिबंधित उत्पादों के प्रचार पर रोक लगाने तथा दोषी कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही देवघर नगर निगम से सात दिनों के भीतर सभी गुटखा होर्डिंग हटाने, भविष्य में ऐसे विज्ञापनों पर रोक लगाने और टावर चौक, मंदिर क्षेत्र व मेला मार्ग पर विशेष निगरानी रखने की मांग की। ध्रुव प्रसाद साह ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर आजसू पार्टी आंदोलन करेगी।

बाबा बैद्यनाथ धाम को पारदर्शी और श्रद्धालु-हितैषी मंदिर बनाने की पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने की मांग

● मुख्यमंत्री को भेजा गया 18 सूत्री सुझाव पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । बाबा बैद्यनाथ धाम को देश का सर्वश्रेष्ठ,पारदर्शी एवं श्रद्धालु-हितैषी धार्मिक स्थल बनाने की मांग को लेकर पंडा धर्म रक्षिणी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर खवाड़े ने झारखंड के मुख्यमंत्री सह बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकिनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के अध्यक्ष को 18 सूत्री सुझाव पत्र भेजा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ों श्रद्धालु दर्शन एवं जलार्पण के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर की व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी, आधुनिक, जवाबदेह एवं श्रद्धालु-केंद्रित बनाया जाना आवश्यक है। सुझावों में मंदिर में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों एवं दंडाधिकारियों की पारदर्शी नियुक्ति नीति, मंदिर की मासिक आय-व्यय और शुद्ध बचत का सार्वजनिक प्रकाशन, दान एवं चढ़ावे की गणना सीसीटीवी निगरानी और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कराने, स्वतंत्र ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संपत्ति का नियमानुसार सत्यापन, पुराने सामानों के निस्तारण में पारदर्शिता तथा मंदिर कल्याण कोष एवं अन्य मदों में प्राप्त राशि के उपयोग का सार्वजनिक विवरण जारी करने की मांग की गई है। उन्होंने प्रोटोकॉल दर्शन व्यवस्था के स्पष्ट नियम, सौर ऊर्जा संयंत्रों के नियमित रखरखाव,दान राशि से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क प्रसाद वितरण, पवित्र जल एवं पुष्पों के सम्मानजनक प्रबंधन, संस्कार मंडप को धार्मिक अनुष्ठानों के लिए सुरक्षित रखने, पर्यावरण-अनुकूल पेयजल व्यवस्था तथा मंदिर कर्मचारियों के लिए स्पष्ट ड्रेस कोड लागू करने सहित अन्य महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए हैं।

चन्द्र शेखर खवाड़े ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इन सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक सुधार लागू किए जाएं, ताकि बाबा बैद्यनाथ धाम देश के सबसे पारदर्शी, आधुनिक एवं श्रद्धालु-केंद्रित मंदिरों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सके। साथ ही उन्होंने इस संबंध में की गई कार्रवाई से उन्हें भी अवगत कराने का अनुरोध किया है।

देवघर-सरायगढ़ स्पेशल ट्रेन का विस्तार राघोपुर तक



देवघर संताल एक्सप्रेस । यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल ट्रेन सेवा का विस्तार राघोपुर तक करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 25.07.2026 से 31.08.2026 तक प्रभावी रहेगी। 05573 राघोपुर-देवघर स्पेशल राघोपुर से 02:50 बजे प्रस्थान करेगी तथा 05574 देवघर-राघोपुर स्पेशल राघोपुर 22:50 बजे पहुँचेगी। सरायगढ़ और देवघर के बीच ट्रेन का समय पूर्ववत रहेगा।

दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में झामुमो ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में छात्रों एवं नौजवानों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 व सीबीएसई मार्किंग में हुई गड़बड़ी को लेकर विरोध जता रहे आंदोलनरत छात्र एवं छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज व बर्बरतापूर्ण बर्ताव के विरोध में गुरुवार को झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों झामुमो नेता व कार्यकर्ता साहिबगंज नगर में पैदल आक्रोश मार्च करते हुए स्टेशन चौक पहुंचे जहां नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला जलाकर विरोध जताया.मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के निर्देश पर पुलिस द्वारा छात्र एवं छात्राओं हुए लाठी चार्ज की हमारी पार्टी कड़ी निंदा करती है. जब छात्र व नौजवानों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताया जा रहा था तो केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही तरीके से उन्हें डरा-धमकाकर मार-पीट कर छात्रों के आंदोलन को समाप्त करना चाहती है. भाजपा ने केंद्र की सत्ता में बैठने के लिए हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा

किया था. लेकिन नई नौकरी देने के बजाय हर बार पेपर लीक का मामला सामने आ जाता है. अभी हाल ही में नीट परीक्षा को भी रद्द कर दिया गया. यह पूरी तरह से छात्रों के साथ अन्याय है. छात्र कड़ी मेहनत और ईमानदारी से हर बार परीक्षा की तैयारी करते है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार छात्रों के परिश्रम पर पानी फेर देती है. वही जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य संजीव शामू हेंब्रम व संजय मिश्रा मो मारुफ उर्फ गुड्डू ने अपने अपने संबोधन में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार छात्रों का हित नही चाहती है. हर बार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है. इसे हमारी पार्टी कतई बर्दाश्त नही करेगी. छात्रों व नौजवानों पर केंद्र सरकार के निर्देश पर हुए लाठीचार्ज की हमारी पार्टी कड़ी निंदा करती है. हमारी पार्टी छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है.विरोध प्रदर्शन में जिला युवा मोर्चा सचिव मो मारुफ उर्फ गुड्डू, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा, केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान, अखलाकुर रहमान, नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान, जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, काजू मल्लिक, जिला कार्यकारिणी सदस्य अब्दुल बारीक शेख, जंग बहादुर सिंह, जलेबी सिंह,जेम्स किस्कू,नसीम अंसारी, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मो अली, देव सोरेन, मो एजाज अंसारी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती हांसदा,जिला सचिव संगीता हांसदा, प्रखंड अध्यक्ष बर्नाड मरांडी, प्रखंड स्टीफन मुर्मू, प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली, प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,नगर अध्यक्ष आदित्य यादव, राजू अंसारी, नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो, इकबाल हुसैन, मंडल मरांडी,निताय मंडल, सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कांग्रेस सांसदों एवं नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज द्वारा स्टेशन चौक में सुबह 11 बजे से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं, छात्रों के साथ हुए अन्याय तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों एवं नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया. कार्यक्रम के बाद एक शिष्टमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन साहिबगंज डीसी को सौंपा.कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की.उन्होने उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस सांसदों और नेताओं के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया. वह लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है. उन्होंने कहा कि दूसरी ओर

प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है. लेकिन उनकी न्यायपूर्ण मांगों को सुनने के बजाय उन पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है. कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी.प्रदेश कोऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्य अनुकूल मिश्रा ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर चिंतित है. परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है. लेकिन केंद्र सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है. उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए.जिला उपाध्यक्ष मो. कलीमुद्दीन ने कहा कि आज का यह धरना जनता और छात्रों की भावनाओं की अभिव्यक्ति है. कांग्रेस पार्टी अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी छात्रों की हर न्यायपूर्ण मांग के समर्थन में मजबूती से खड़ी रहेगी. सरकार को दमन का रास्ता छोड़कर युवाओं की आवाज सुननी चाहिए.जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सरफराज आलम ने कहा कि यह आंदोलन केवल छात्रों का नहीं, बल्कि देश के हर उस परिवार की लड़ाई है. जिसके बच्चे ईमानदारी से मेहनत कर अपने भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं.छात्रों के साथ अन्याय, लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर दमन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है. कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी.कार्यक्रम में अनुकूल मिश्रा, हीरालाल साह, मो कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव , उमेश पांडे,

बरहरवा नगर के असमाल्ला पोखर की पानी टंकी महीनों से बंद, शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे लोग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा-बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 स्थित असमाल्ला पोखर में स्थापित सार्वजनिक पानी टंकी पिछले कई महीनों से खराब पड़ी हुई है. जलापूर्ति पूरी तरह ठप होने के कारण स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह पानी टंकी आज उपयोग के बजाय केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी टंकी के खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग एवं नगर

पंचायत प्रशासन को दी गई. लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई. नतीजतन वार्ड के लोगों को पीने के पानी के लिए चापाकलों और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है. गर्मी और बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है.

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की हर घर नल से जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ वार्ड 14 के कई परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है. लंबे समय से बंद पड़ी पानी टंकी न केवल सरकारी धन की बर्बादी का उदाहरण बन गई है. बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकता पर भी सवाल खड़े कर रही है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते टंकी की मरम्मत कर नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएं तो सैकड़ों लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकती है. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तकनीकी जांच कराकर पानी टंकी को चालू कराया जाएं.स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, नगर पंचायत एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से मांग की है कि वार्ड 14 के असमाला पोखर स्थित पानी टंकी की शीघ्र मरम्मत कर नियमित जलापूर्ति बहाल की जाएं ताकि क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें रोजाना होने वाली कठिनाइयों से राहत मिल सके.

विधालय में बच्चे दरी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर, मूलभूत सुविधाओं की उठी मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा-बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 14 स्थित लबदा के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है. विद्यालय में नौनिहाल छात्र-छात्राएं दरी पर बैठकर पढ़ाई करते नजर आएं.इससे विद्यालय में पर्याप्त शैक्षणिक संसाधनों एवं मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है.स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर बैठने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए. लंबे समय तक फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने से बच्चों को असुविधा होती

है. जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है.

विद्यालय के प्रधानाध्यापक बबलू दास ने बताया कि विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित की जा रही है. उन्होंने कहा कि विद्यालय में आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं की आवश्यकता से संबंधित जानकारी विभाग को उपलब्ध कराई गई है. विभाग से अपेक्षा है कि आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने पर बच्चों को और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा.वहीं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार रजक ने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है.उन्होंने शिक्षा विभाग से विद्यालय में आवश्यक बेंच-डेस्क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र व्यवस्था कराने की मांग की.ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. स्थानीय अभिभावकों ने भी शिक्षा विभाग से विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है.उनका कहना है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी निजी विद्यालयों की तरह सम्मानजनक एवं सुविधायुक्त वातावरण मिलना चाहिए. जिससे उनकी पढ़ाई और सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की बाधा न आएं.

एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने जेसीबी से पहुंचे एसडीओ और बीडीओ

साहिबगंज- बोरियों प्रखंड क्षेत्र में एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को साहिबगंज अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईंद एवं बोरियों बीडीओ नागेश्वर साव को जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के बूथ संख्या-139 और 148 का निरीक्षण करने के लिए पहुंचना था.लेकिन जिरूल से करमाटांड़ पथ निर्माण के कारण सड़क पूरी तरह से कीचड़मय थी.तो सदर एसडीओ व बोरियों बीडीओ ने जेसीबी पर सवार होकर जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के बूथ संख्या-139 व 148 पर पहुंच कर निरीक्षण किया.0लोगो ने बताया कि सड़क कीचड़मय रहने के कारण एसआईआर के कार्य में बीएलओ, सुपरवाइजरों, बीएलए और समाजसेवियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बीएलओ सुखदेव साह, आंगनबाड़ी सेविका प्राथमिक विधालय जीतपुर की मेरी मरांडी एवं यूएमएस जेटके की मोनिका मालतो से एसआईआर में तेजी लाने का निर्देश दिए. मिली जानकारी के अनुसार अब तक 67.15 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य हो चुका है. एसडीओ ने धीमी प्रगति वाले बूथों का निरीक्षण कर संबंधित बीएलओ को धीमी प्रगति में तेजी लाने, अनुपस्थित, शिफ्ट, मृत व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची की जानकारी ली.

नशामुक्ति एवं कानूनी जागरूकता विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

साहिबगंज - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में संचालित 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को कस्तूरबा विद्यालय साहिबगंज में छात्राओं के बीच नशामुक्ति विषय पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्त समाज के निर्माण, कानूनी जागरूकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था. प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्ति, बाल अधिकार एवं मानव तस्करी जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर अपने विचारों एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया.निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा सपना कुमारी ने प्रथम, सोनम कुमारी ने द्वितीय तथा रुचि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में अर्चना, नन्दिनी एवं काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से प्रथम, डॉली कुमारी, अंजली खातून एवं अनुश्का कुमारी ने संयुक्त द्वितीय तथा प्रगति कुमारी, सुनीता कुमारी ने संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किया.

बीईईओ ने प्राथमिक विद्यालय कॉलोनी का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

राजमहल- नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कॉलोनी राजमहल का गुरुवार को बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल ने औचक निरीक्षण किया. उन्होंने विद्यालय में समय पर मध्यान भोजन दिया जा रहा है या नहीं, विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं विद्यालय में पठन-पाठन किस प्रकार हो रहा है एवं जर्जर बिल्डिंग का अवलोकन किये. साथ ही विद्यालय में एक ही क्लास रूम में वर्ग एक एवं वर्ग दो के छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे थे. क्लास रूम में छात्र-छात्राओं से मैथ, इंग्लिश व हिंदी के कई प्रश्न पूछा गया तो सही उत्तर छात्र-छात्राओं ने दिया. जिससे पदाधिकारी काफी प्रसन्न हुए. इस संबंध में बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी कम है.

राजमहल के तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

राजमहल -राजमहल थाना क्षेत्र के नया बस्ती में तालाब में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार नया बस्ती निवासी सुलेमान शेख का डेढ़ वर्षीय पुत्र हसनैन खेलते-खेलते तालाब के समीप पहुंच गया और अचानक गहरे पानी मे चला गया. कुछ समय के बाद बच्चे को तालाब से परिजनों व अन्य लोगों की सहायता से बाहर निकल कर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया. जहां मौजूद चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया. बच्चे की मौत का खबर सुनकर परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है.

रांची मंडल ता़री रे ई-नीलामी खो़बो़र

स. सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 **मा़हित: 22.07.2026** भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची होतेते राँची मंडल ता़री रे ई-नीलामी नेवतायेत् काना। कैटलॉग दो़ आईआरईपीएस वेबसाइट रे लाहा खो़न गे उछा़न ठीक आकाना। बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **कैटेगरीः** पार्सल, **कैटलॉग सं.:** आरएनसी-पार्सल 14, **परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडायः** राँची मंडल खो़न एहो़बो़क्कान 33 पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेन होतेते एसएलआर कंपार्टमेंट रेयाक् लीजिंग बाखरा 41 गो़टेच् परिसंपत्तिको ला़गित् ई-नीलामी। **नीलामी एहो़बो़क्आः** मा़हित 06.08.2026 हिलोक् 10.00 बजे। **नीलामी बो़ंदो़क् रेयाक् ता़रीक :** मा़हित 06.08.2026 हिलोक् 17.10 बजे। **टिप्पणीः** नामडाक बोलीदाताको ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे ओनको दो़ आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** रे ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूलको ञेलमा। चेतान रे ओ़लाकान कैटलॉग ता़री रे लॉट पिछ़ा बानाडाय ओ़न्डे मेनाक्आ।

(PR- 513) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, देवघर

रोजगार मेला– 2026

स्थान– सरकारी आई0टी0आई0 परिसर, बसुआडीह, जसीडीह दिनांक–25.07.2026 समय–10:30 पूर्वाहन से

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत दिनांक–25.07.2026 को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थि होने हेतु सहमति जताई हैः–

Sl No.	Company Name	Name Of the Post	No. of Vacancies	Qualification	Experience	Pay/Salary	Age	Job Location
01	Premsons Motor Udyog Pvt.Ltd Deoghar.	Relationship Manager (Field Sales Executive)	10	10TH ,12TH Graduation	1 Years as in field sales in any industry	Up to 20,000 /- Ctc	20 - 35	Deoghar & Near Rural areas
02	Colossal Skills Pvt.Ltd.	MST Trainer	02	Diploma (Electrical)	If Any	12000 /-	25 - 30	Deoghar
03	Abhivadan Deoghar.	Manager	02	Graduation	2 Years	18000-28000/-	21 - 35	Deoghar
04	Deoghar Children Hospital & Deoghar Eye Hospital Deoghar.	Driver	01	10th	If Any	12000 /-	25 - 40	Deoghar
		Receptionist	01	Gradation	If Any	12000 /-	25 - 40	Deoghar
05	Adecco India	Telecom	100	10TH ,12TH Graduation, Diploma	NA	As Per Industry	18 - 35	PAN India
		BFSI	100	Graduation	NA	As Per Industry	18 - 35	PAN India
		Production/ Quality/ Maintenance	200	ITI, Diploma, BE, B.tech	NA	As Per Industry	18 - 35	PAN India
		Loader, Picker, Packer	500	Graduation	NA	As Per Industry	18 - 35	PAN India
06	Seva Sahyog Securities and Facility management Pvt.Ltd.	Security Guard	105 (Male/Female)	10TH Pass	NA	10000 to 19000/-	18 - 45	Jharkhand, West Bengal, Orissa
		Security Supervisor	10 (Male)	Gradation	NA	15000 to 25000/-	22 - 45	Jharkhand, West Bengal, Orissa
07	K.K Enterprises	CNC/VMC machine operator	100 (Male)	10TH ,12TH ,ITI Gradation, Diploma	If candidates have	18000-25000/-	18 - 40	Gujarat
08	MRF Ltd.	Machine Operator	300	8th pass	NA	20880/-	18 - 30	Chennai plant
09	Biz Growth Elevator Ltd. Pvt. / Lucas tvs Chennai Plant	Trainee	100	10TH ,12TH ,ITI (All Trades)	Fresher	14,500 /- (after deductions)	18-24	Chennai
10	Navagiri Apparel	SMO	150	NA	Fresher	UPTO 696 (per day)	18-30	Tiruppur
11	First Fly Corporate	Apprenticeship Trainee	700	10TH ,12TH ,ITI, Diploma, B.Tech All Gradation	Fresher	17000-25000/-	18-35	Aurangabad Maharashtra
12	Jai maa Tara Security Service Pvt.Ltd. Giridih.	Security Guard	30	10TH Pass	NA	10000/-15000/-	18-45	Giridih Jharkhand
13	Yukti Infosystem (Flipkart / Big Basket / Suiggy)	Delivery Boy	300	10TH Pass	Fresher	20000/-40000/-	18-45	Mumbai/ Jharkhand
14	NTTF	Trainee operator	200	ITI All Trade	Fresher	15000/-20000/-	18-25	Chennai & Bangalore
15	Zomira World Pvt. Ltd. Patna.	Labour, Helper, Mason,Plumber, Electrician, Welder...	1000 each post	10TH ,12TH ,ITI onwards	Fresher	As Per Industry Standard	18-60	PAN India
		Medical Attendant	300	10TH ,12TH onwards	Fresher	As Per Industry Standard	18-60	PAN India
		Retail Store Boy	100	10TH Pass	Fresher	As Per Industry Standard	18-60	PAN India
16	RGS Sales Services Pvt. Ltd.	Sales Marketing	55	10TH Pass	Fresher	18700/-	18-35	Deoghar
		Date Entry	05	12TH Pass	1 Years	12000/-	18-35	Deoghar
		Supervisor	04	BA	1 Years	19822/-	22-40	Deoghar
		Tele Caller	20	12TH	Fresher	11000/-	18-35	Ranchi
		HR Executive	01	MBA	1 Years	16800/-	22-38	Ranchi

नोट– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि जिला नियोजनालय देवघर में आवेदक नियोजनालय वेव पोर्टल–https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ के होम पेज के New Jobseeker में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते है। चुंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तों, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उतरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नही है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा के साथ रोजगार मेला में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
देवघर

PR 385681 Deoghar(26-27)#D

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल करियर सेन्टर, दुमका

तिथि– 27.07.2026 **सूचना** **समय– 10:30 बजे पूर्वाह्न से**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन दिनांक–27.07.2026 (सोमवार) को समय 10:30 से अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह–मॉडल करियर सेन्टर, दुमका कार्यालय के समीप सरकारी आई0 टी0 आई0 परिसर में किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

SL. No.	Name and Add. Of the Employer	Name of the Post	No. Of Vacancy	Qualification: Essential	Qualification: Desirable	Experience	Age	Job Location	Salary	Remarks
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	Freedom Employability Academy, New Delhi	Teacher	02	Graduate (Any Stream)	-	-	18-45	Dumka	14500/-	M/F
2	SBI Life Insurance Co. Ltd. Dumka	Life Mitra	25	Matric	-	-	18-25	Dumka	Commission Based	M/F
3	Aerosoft Healtcare Pvt. Ltd. Dumka	Nurse Trainer	02	ANM/GNM	-	-	20-40	Dumka	10000-15000/-	M/F
		Tailoring Trainer	02	10th						
		Mobilizer	04	10th						
		Receptionist	01	10th 12th						
4	Red Guard Consultant Pvt. Ltd., W.B	Security Guard	65	10th	-	-	18-45	W.B, Jharkhand	13000-18000/-	Male
5	ESAF Foundation, Dumka	Caretaker	1	10th	-	-	25-35	Dumka	6500/-	Female
		Field Coordinator	1	10th	-	-			Negotiable	Male
		Textile Designer	1	Graduate	-	2 Year			Negotiable	M/F
		Driver	1	10th	-	-			9000/-	Male
		Cook	1	10th	-	-			Negotiable	M/F
6	Seva Sahyog Securities and Facility Management Pvt. Ltd., Jamshedpur	Security Guard	65	10th	-	-	18-45	Jharkhand, W. B, Orissa	10000-19000	M/F
		Security Supervisor	07	Graduate	-	-	22-45		15000-25000	Male
7	RSG Sales & Services Private Limited, Lucknow(U.P)	Sales Marketing	80	12th	-	-	18-40	Pan India	14000-18000	M/F
		Technician	40	10th 12th ITI	-	2 Year	18-40		15000-18000	M/F
		Survey Executive	60	10th 12th	-	-	18-40		14000-17000	M/F
		Supervisor	20	Graduate	-	1 Year	22-40		16500-20000	M/F
		HR Manager	01	Post Graduate	-	2 Year	25-40		18000-24000	M/F
		Computer Operator	10	12th	-	-	18-40		14000-16000	M/F
		Tele Caller	20	12th	-	-	18-40		10000-12000	M/F
		Accountant	02	B.Com	-	1 Year	22-35		16000-20000	M/F
		Sales Officer	05	12th	-	-	18-40		14200-18000	M/F
8	Walkaroo Int. Pvt. Ltd. Coimbatore(T.N)	Helper	08	10th pass	-	-	20-35	Kerla, Assam, Chhattisgarh	14800/-	Male
9	Frontier Knitters Private Limited, Tamil Nadu	Sewing Machine Operator	500	10th Pass	-	-	18-35	Tiruppur Tamil Nadu	15000-22000/-	M/F
10	Zogriaa Com (a brand of Zomira World Pvt. Ltd.) Patna, Bihar	Multiple Staff	1000	10th Pass	-	-	18-65	Pan India	As per Industry Standard	M/F
11	Ryonan Electric India Pvt. Ltd., Haryana	Supervisor	10	12th	-	-	18-30	Jamshedpur	19722/-	M/F
		Computer Operator	15	12th	-	-	18-28		17500/-	
		H.R	01	Post Graduate	-	-	18-25		20000/-	
12	Blinkit, Ranchi	Picker, Packer	200	8th	-	-	18-35	Ranchi, Mumbai	17000/-	M/F
13	First Fly Corporate, Aurangabad	Apprenticeship Trainee	700	10th ,12th, Diploma, B.E, B.Tech, Graduate	-	-	18-35	Aurangabad	17000-25000/-	M/F
14	Tata Motors, Gujarat	Production Trainee	100	12th & ITI	-	-	18-23	Sanand, Gujarat	18000/-	M/F
15	Checkmate Services Pvt. Ltd., Vadodara (Gujarat)	Civil Security Guard	200	10th Pass	-	-	20-35	Surat, Ahmedabad, Vadodara & Bharuch (Gujarat)	21000-22000/-	Male
		Ex-Servicemen for Railway Gate Keeper	350	Ex-Man Retired form Indian Army	-	-	Up to 58 years	Gujarat	35000-39000/-	Male
		Ex-Servicemen Security Guard	50	Ex-Man Retired form Indian Army	-	-	Up to 48 years	Gujarat	48000/-	Male
16	Shivford Group, Noida,Uttar Pradesh	Assembly Line Operator, Production Department, Machine Operator	270	10th ,12th ,Graduate/ITI Any Trade /Diploma	-	-	18-35	Pune	19800-22000/-	M/F

मेला में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। आप स्वंय भी अपना निबंधन www.jharniyojan.jharkhand.gov.in में कर सकते है। रोजगार मेला के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना दो पासपोर्ट साइज फोटो, RESUME (दो प्रतियों में), स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ मेला में उपस्थित होगें। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। स्थानीय नियोजन हेतु स्थानीय आवास प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी/अनुमण्डल अधिकारी/उपायुक्त) के द्वारा निर्गत होना आवश्यक है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

सहायक निदेशक (नियोजन)
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका

PR 385682 Labour Employment and Traning (26-27)_D

कैंसर आर टिटनेस लेकान जिवीबांचाव रान 50 प्रतिशत हा़बिच् महंगा

हो़ड़ उपा़र रे ढेरेना पायसा टाका रेयाक् बोझा

खोबोरिया

नावां दिल्ली। नेशनल फर्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी दो़ कैंसर आर टिटनेस लेकान आझांट आजार चाबाय रे बेवहारो़क्कान आदो़मजा़रूड़ो़क्आक् रानको रेयाक् दाम दो़ 50 फीसदी हा़बिच् ढेरोक्रेयक्ए सारसादले केदा। नोआ फैसला ते एकेन मो़ंज हो़ड़ मो़तो़ रेदो़ बाङ, बिचको़म ओनकान रूगीको रे हों आ़डी माराङ बोजहाबेनाक्आ जाहांय दो़ आयमा दिन खो़न थैरेपी आर से कीमोथैरीपीरेयाक् ला़कती मेनाक् ताकोआ। नोआ रेयाक् दाम बाड़हाक् तायो़मरे सोशल मीडिया रे को़मको खो़जेत्कान लेकान दा़बी दो़ आ़उड़ी गेया। एनपीपीए आर उद्योग गा़खुड़िया़कोवाक् ला़ई लेकाते, ओना रेयाक् दो़ आयमा ओ़जे

मेनाक् आकादा। वैश्विक स्तर रे एक्टिवफर्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) आर पैकेजिंग जिनिस रेयाक्पूंजी बाड़हाव आकाना। मारे दाम रे रान बेनाव कंपनी ला़गित् घाटारेयाक् सौदा बेनावाकान ताहेंकाना, ओना खा़तिर ते आयमा कंपनीबेनाव गेको बों़द आकात् ताहेंकाना। ओना तायो़म बाजार रे नित जीवरक्षक रानको रेयाक् टोन्टा हों राकाप् आकान ताहेंकाना, ओना दाराम ला़गित् गे नोआ दो़को चेकावाकादा।

जो़तो़ रान रे दो़ बाङ बाड़हावाकाना, बिचको़म आदो़माक् खास आर आ़डी जा़रूरी रानको रे गे नोआ रेयाक् असर पाड़ावाकाना। नोआ रेकैंसर रेयाक् एतो़हो़प् रे बेवहारो़क्कान रान मित्-बार रानलेका कार्बोप्लैटिन आर सिस्प्लैटिन सेलेत् मेनाक्आ। सांवते, टिटनेसखो़न बांचाक् ला़गित् बेवहारो़क्कान खास इ युनोग्लोब्युलिन इंजेक्शनहों महंगावाकाना। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम सांव जोड़ाव आदो़म वैक्सीन, जेलेका बीसीजी आर खसरा/मीजल्स हों नोआ रेयाक् झारकाव रे हेच् आकाना। कार्बोप्लैटिन इंजेक्शन (10एमजी/एमएल) रेयाक् दाम दो़ 60.49 प्रति एमएलखो़न बाड़हाव काते 90.74 एमएल होय आकाना। नोङ्का लेका,एंटी-टिटनेस इ युनोग्लोब्युलिन (500 आईयू) ओका दो़ लाहा 1,920.79प्रति वायल रे ञामो़क्कान ताहेंकाना, ओना दो़ नित 2,881.19 प्रतिवायल रे ञामो़क्आ। नोआ बाड़हावाकान दाम दो़ रूगीकोवाक् बजट रेसीधा़ ते असर पाड़ाक्आ। नोआ फैसला दो़ ओनकान लाख-लाख रूगीकोआर ओनको घारो़ंज रेन ला़गित् आ़डी चिन्ता़वानाक् गेया, जाहांय दो़ लाहा खो़न नोआ आझांट रूवा़ रान ओचोक् रे आयमाको खारचायेत्काना।

एसआईआर बाबो़त डुमरिया आतो रेयाक् बूथ नो़मबो़र-59 रे दुपुड़ुप् ओरामेना

खोबोरिया

जरमुंडी। प्रखंड टोठा रेयाक् चोरखेदा पंचायत ता़रीतेयाक् डुमरियाआतो रेयाक् बूथ नो़मबो़र 59 रे एसआईआर बाबो़त दुपुड़ुप् ओराम एना। नोआ दुपुड़ुप् रे माहांसो़य सुनील कुमार ठाकुर, बीएलओ मंजू देवी, बीएलओ-2 बुद्धदेव मरांडी, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मुन्नाबास्की ताकोवाक् हा़जिर रे एसआईआर फॉर्मको पेरेच् केदा।

नोआदुपुड़ुप् रे मुन्ना बास्की दो़य गालमारावात्कोआ जे जाहांय लेकमानहो़ड़ाक् ञुतुम मतदाता सूची खो़न आलो काटाक्ए ला़ई केदाय जेआतो रेन आयमा हो़ड़ बाहरेको सेन आकाना आर नोआ ओ़कतेजुवा़नको आर हाड़ामको हों भोटर लिस्ट फर्म पेरेज रे गो़ड़ो़ंवाकोकाथाय मेन केदा। बीएलओ सांवतेय गालमाराव केदा जे जाहांय लेकमान मतदातावाक् सूची रे ञुतुम आलो काटाक्, नोआ ला़गित् गा़हिरसालाक् का़मीय रेयाक् जा़रूड़ गेया।

बेंगलुरु ट्रिपल मर्डरः घा़ट का़मीय ला़गित् ते एआई चैटबॉटे बेवहार लेदा

बेंगलुरु(खोबोरिया)। रेयाक् नामडाक ट्रिपल मर्डर मामला जाँच रे पुलिसको दा़बीकेदा जे आसो़ल दुसी दो़ घा़ट रेयाक् पोन्था बेनाव आर सा़बुत्मिटाव ला़गित् ता़रिका रेयाक् बानाडाय जुटा़उ ला़गित् तेआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लेका ते चैटबॉटे बेवहार लेदा।पुलिसाक् ला़ई लेका ते दुसी दो़ इलेक्ट्रॉनिक डिवाईको ञाम केदाआर ओना दो़ फरेंसिकको जाँचेत् काना। व्हाइटफील्ड डिवीजन रेनपुलिस उपायुक्त (डीसीसी) सैदुलु अदावथ दो़य ला़ई केदा जे पा़हिल जांचरे बाडायेना जे दुसी दो़ जो़बो़र जा़सती बिस एमावाय, खान्डा-बान्डाबेवहार, मांड़ीय ओको केत् आर पुलिस साप् खो़न बांचाक् ला़गित् तेजो़तो़ बानाडाय ऑनलाइने सर्च लेदा। पुलिसाक् मेमेन दो़ नोआ काना जेदुसी दो़ गूगल सर्च हिस्टको म ला़गित् ते कानूनी का़मीहो़रा हों़कोएहो़प् केदा। जाँच एजेंसीकोवाक् ला़ई लेका ते दुसी दो़ आसो़काय ते सा़बुत् मिटाव ला़गित् हुदिस कातेत् मित्टेन भट्टी लागाव ला़गित् तेपोन्थाय बेनाव केदा। पुलिसको दा़बियेत् काना जे उनी दो़ नोआ बाबो़त रे जारूड़ानाक् डिवाई हों बेबो़सता लेदा।

मेनखान नोवाको जो़तो़जिनिस दो़ डिजिटल आर फरेंसिक सा़बुत् जाँच तायो़म गे बाडायदाड़ेयाक्आ। पुलिसाक् ला़ई लेका ते पा़हिल कुली बाड़ा केदे रेदुसी दो़ घारो़ंज रेयाक् झो़गड़ा आर का़उडी तेयाक् ओ़जे हो़ंयला़ई के। जाँच रे नोआ हों ञाम दाड़ेयाक्आ जे घा़ट रेयाक्पोन्था रे एटाक् हो़ड़ाक् चेत् एनेम ताहेंकान ताकोआ आर घो़टनाजो़ड़ाव जो़तो़ सा़बुत्को मिला़वेत् काना। अधिकारीको दो़य पुसटा़उकेदा जे निया़हा़ली जाँच तोंगे गेया आर इलेक्ट्रॉनिक डिवाई ते बाडायला़गित् डिजिटल सा़बुत् मामला जाँच रे मो़हो़तानाक् एनेमे पुरा़वा।पुलिस दो़को मेन केदा जे फरेंसिक रिपोर्ट आर एमान तेयाक् जाँच पुराउ तायो़म गे पुरा़ घो़टना रेयाक् ओ़जे बाडायोक्आ।

पूर्व रेलवे

सं. ओ-एसी-टी-112 खो़न 113-26-27 (ओपन), ता़रिक 22.07.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको का़मी फाण्डाव ला़गित् ई-ठिका़कोय (खुला़) खो़जेत् कानाः **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-112-26-27; **का़मी ञुतुमः** अंडाल आर दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड रेयाक् निया़हा़ली कंबाइंड रनिंग रूम फायलाव आर डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् आ़धिकार ठेठा रे यार्ड क्रू लॉबी रेयाक् उन्नयन, रनिंग रूम फायलाव आर आसनसोल मंडल होते ट्रैक दो़हो़जो़गाव आर चाचालाव का़मियाको ला़गित् आसो़लाक् सुबिताको सांवते गैंग हटको, गुमटिको, ञुईदाक् सुबिताको, पाथवे एमानको रेयाक् प्रावधान ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ गो़नो़ङः** रू. 8,44,13,153.82। **बायना टाकाः** रू. 16,88,300; **का़मी ला़गित् मुचा़द सो़मो़यः** 12 चान्दो। **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-113-26-27; **का़मी ञुतुमः** आसनसोल मंडल रे अंडाल-सैंथिया, देवघर-दुमका, मोहनपुर-हंसडीहा, अंडाल-बाराबनी आर मधुपुर-गिरिडीह अनुभागको रे 10000 खो़न जा़सती टीवीयू आनाक् लेवल क्रॉसिंग गेटको रेयाक् इंटरलॉकिंग ला़गित् गेट बिल्डिंग, रिले हट रेयाक् प्रावधान ला़गित् खुला़ ठिका़। **ठिका़ गो़नो़ङः** रू. 6,95,32,655.25। **बायना टाकाः** रू. 13,90,700; **का़मीय ला़गित् मुचा़द सो़मो़यः** 09 चान्दो। **बों़दो़क् ता़रिक आर सो़मो़यः** 17.08.2026 हिलो़क् 12.00 बजे (बानार ला़गित्)। पुरा़उ बिवो़रो़न दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेपे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-192/2026-27)

ठिका़ खोबो़र वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** रे हों मेनाक्आ।

नोण्डे ञेलले‍पे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पा़ठवा़को उपा़र रे लाठीचार्ज बिरोध रे झामुमोवाक् प्रदर्शन

खोबोरिया

पश्चिमी सिंहभूम। नावां दिल्ली रेयाक् जंतर-मंतर रे शिक्षा बेबो़सता रेसुधा़र, नीट-2026 आर सीबीएसई रेयाक् मूल्यांकन प्रणाली रे ला़ईलेकाते लिचा़ड़ का़मीयेत्कान बिरोध रेको प्रदर्शनेत्कान पा़ठवा़कोड़ा-कुड़ी उपा़र रे होयाकान लाठीचार्ज बिरोध रे सा़रदीमाहां हिलोक् झारखंड मुक्ति मोर्चा रेन जिला इकाई दो़ पोस्ट ऑफिस चौक, चाईबासा रे केंद्र सरकाराक् बांड़ो़क् मुठा़नको रापाक् केदा। प्रदर्शन ओ़कते झामुमो नेता आर कार्यकर्ता दो़ केंद्र सरकार उपा़र रे जोमकावातेको नारेबाजी केदा आर पा़ठवा़को उपा़र रेआपनार दाड़े बेवहाराकात् काथाको निसड़ा़उ केदा। वक्ताको मेन केदा जे लोकतांत्रिक बेबो़सता रे शांतिपूर्ण प्रदर्शन दो़ मिमित् हो़ड़ाक् संवैधानिक अधिकार काना आर पा़ठवा़कोवाक् आड़ाङ दाड़े जोर तेदबाव दो़ ओका सेच् तेहों बाङ ठीका।

जिला झामुमो अध्यक्ष सोनाराम देवगम दो़य मेन केदा जे दिसा़म भा़री रेनपा़ठवा़ आपनार आगाम आर शिक्षा व्यवस्था बाबो़त रे चिन्ता़ रे मेनाक्कोआ। ओनकोको मेन केदा जे बिड़ा़उ का़मी साफा-सा़फी, मों़जमूल्यांकन आर शिक्षा व्यवस्था रे केटेच् ते सुधा़र रेयाक् ला़कतीमेनाक्आ। पा़ठवा़कोवाक् खो़ज आंजो़म बाङ काते ओनको उपा़र रे ठेंगा चालाव दो़ आ़डी दुक काथा काना। ओनको दो़ केंद्र सरकाराक् शिक्षा व्यवस्था रे केटेच् ते सुधा़र ला़गित् का़मीय आरपा़ठवा़कोवाक् बिसवा़स दो़हो़ रूवा़ड़ रेयाक् खो़जको दो़हो़ केदा। झामुमो नेताको मेन केदा जे सरकार दो़ आंदोलनेत्कानपा़ठवा़कोवाक् खो़ज उसा़रा खो़न उसा़रा फान्डाव लेककान ताया, बिड़ा़उका़मी पुरा़उ ते साफा-सा़फीय लेककान ताया आर पा़ठवा़को सों़गे मों़ज ते बेवहार हों निट लेककान ताया। प्रदर्शन आर बांड़ो़क् मुठा़न रापाक् का़मीहोरा रे जिला सचिव राहुल आदित्य, जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी, बिश्वनाथ बाड़ा, मन्नाराम कुदादा सांवते आयमा लेखा रे झामुमो कार्यकर्ता आर समर्थकको सेटेराकान ताहेंकाना।

ढेंकानाल रे बापला ओड़ाक् खो़न रूवा़ड़कान कोड़ावाक् गा़ड़ी गा़डिया़ रे ञुरहा़येना, मो़ड़ें हो़ड़को गो़च् एना

भुवनेश्वर। ओड़िशा रेयाक् ढेंकानाल जिला़ रे मित् बो़तो़रानसो़ड़ो़क घो़टो़ना बापला कुसी दो़ दुख रे बो़दो़ल एना। बापला समारोह रे खो़नको रूवा़ड़कान कोड़ावाक् गा़डी बाङ सामबड़ावलेन तेगा़डिया़ रे ञुरहा़ एना, नोआ ते मो़ड़ें कोड़ा़को उनुम गो़च् एना।नोआ दो़ दर्दनाक घो़टो़ना ढेंकानाल रेयाक् छतिया आतो रे होयएना। पुलिस लेकाते, घो़टो़ना सो़मो़य गा़डी रे एयाय कोड़ाको देच्ताहेंकाना। बाडाय सांवते गे आतोहो़ड़ तुरा़ंत ताक रेको सेटेरेनाआर राहत का़मीको एहो़प् केदा। आ़डी कुरूमुटू तायनो़म बारयाकोड़ा जिवा़त् गेको ओडोक केत्किना, ओकादो़ ढेंकानाल जिला़मु यालय हासपाताल रेको भा़रती केत्किना, नोण्डेको रानेत्किना।जो़तो़को गो़च्एनकोवाक् उमा़र 20 खो़न 25 बो़छो़र ताला रेनको ला़ई आकात्कोआ। एहो़प् जांच रे गा़डी बाङ सामबड़ाव लेन ते घो़टो़ना रेयाक् आसो़ल ओ़जेको मानावेत् काना।

बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन बा़ंड़ती ते तेंगोना

सांगाड़िया़कोवाक् सुबिता ला़गित्, **05028/05027 बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल** ट्रेन दो़ दुदही आर रतन सराय स्टेशन रे लातार रे ओ़लाकान लेका बा़ंड़ती ते तेंगोनाः-

बरहनी-देवघर स्पेशल (05028)		स्टेशन	देवघर-बरहनी स्पेशल (05027)	
सेटेरो़क्आ	लाड़ाक्आ		सेटेरो़क्आ	लाड़ाक्आ
19.45	19.47	दुदही	09.50	09.52
21.40	21.42	रतन सराय	07.40	07.42

एमान तेयाक् बातलावको दो़ एनका गे ताहेंना।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

कोमबड़ो मामला फान्डावेना साप्केत्कोवाको पोनया

खूंटी। खूंटी पुलिस दो़ तोरपा थाना टोठा रेयाक् ज्वेलरी आरपा़उरा़ दुकान रे होयाकान कोमबड़ो मामला फान्डाव तुलुच् दो़ल रेनपोनया हुसियार कोमबड़ो जमशेदपुर आर आदित्यपुर खो़नको साप्केत्कोआ। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् आपनारकार्यालय रे ओरामेन खो़बो़रिया़को सों़गे गापालमाराव रेय ला़ईकेदा जे पारो़मेन 17 जुलाई हिलोक् ज्वेलरी आर पा़उरा़ दुकान रेकोमबड़ो लेना। घो़टना तायो़म मित्टेन विशेष टीमको गो़ठो़न लेदा।नोआ तोंगे रे 22 जुलाई हिलोक् भितरी-भितरी ते ञामलेन खो़बो़रलेका रे एसडीपीओ तोरपा विजय कुमार सिंहवाक् आ़युर रे टीम दो़ उसा़रा ते कार्रवाई तुलुच् पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) रे जा़पुत् काते पोनोन कोमबड़ोको लागा साप् केत्कोआ। साप्केत्को दुसी रे जमशेदपुर रेन गिरा़बा़सी दीपक कुमार सिंहउर्फ कल्लू सरदार (36), मो. अफरोज (34), बाबू पिल्ले (44) आरसरायकेला-खरसावां गिरा़बा़सी अजय शर्मा (41) सेलेत् मेनाया। एसपीदो़य ला़ई केदा जे केटेच् ते पूछताछ केत्को रे पोनोन दुसी तोरपा रे होयाकान कोमबड़ो रे आपनार सेलेत् काथाको आंगो़च केदा। पुलिसदो़को ला़ई केदा जे नोकोको साप्केत्को ते खूंटी जिला छाडा रांची रेयाक् बारया मामला सांवते सरायकेला जिला रेयाक् मित्टेन माराङज्वेलरशॉप रे कोमबड़ो मामला हों़को फान्डाव केदा। साप्केत्को दुसीकोवाक् लाहा खो़न हों घा़ट मामला ताहेंकान ताकोआ। एसपी दो़य ला़ई केदा जे आसो़ल दुसी दीपक कुमार सिंह उर्फकल्लू सरदार उपा़र रे जमशेदपुर रेयाक् जुदा़-जुदा़ थाना (टेल्को,बागबेड़ा, बिष्टुपुर, जुगसलाई) रे हो़ड़ गो़च् आर डा़का़ती रेयाक्मो़ट एयाय गो़टेच् मामला दर्ज मेनाक्आ। आर से नो़ते बाबू पिल्ले उपा़र रे एयरपोर्ट थाना (रांची) आर परसुडीह रे आ र्स एक्ट आर लूट रेयाक् माराङ मामला दर्ज मेनाक्आ। ओनको ठेन खो़न ञामकेत् जिनिस रे चा़न्दी रेयाक् पांजो़न (10 जोड़ा), क्रॉस, लक्ष्मी-गणेश आर धार्मिक लॉकेट, कमरबंद, चुड़ी, दीया, ता़बीज, मुन्दा़म, माला, स्टोन सांवते आयमा लेकानाक् माला-मुन्दा़सांवते ब्लेंडर्स प्राइड पा़उरा़ रेयाक् 04 पेटी (मो़ट 84 बोतल),मित्टेन पोंड रो़ङ रेयाक् अर्टिगा कार (जेएच05डीवाई-6180), फर्जीनंबर प्लेट (जेएच05सीएम-9760), 3 फीट जेलेञ कटर, 2.5 मीटर जेलेञ साबो़ल, पोनया कीपैड मोबाइल, टुपरी आर मास्क सेलेत् मेनाक्आ।

हरियाणा रे ईवी गा़डी पे हातवा लेखान रोड टैक्स आर रजिस्टे:शन गो़नो़ङ माफो़क्आ

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार दो़ प्रदेश रे इलेक्ट्रिक गा़डी (ईवी)ढेर ला़गित् ते 28 जुला़ई होयोक् ला़गित् मंत्रीकोवाक् दुपुड़ुप् रेइलेक्ट्रिक बार चाका गा़डी, पे चाका गा़डी आर पोन चाका गा़डी रे रोड टेक्स आर रजिस्टे:शन गो़नो़ङ पुरा़ माफ ला़गित् ते प्रस्तावमुंजुर ला़गित् तेय मेन केदा। नोआ प्रदेश रे इलेक्ट्रिक गा़डीहो़ड दो़ आंद-मांदको हाताव ओ़नमानो़क् काना। मीडिया रिपोर्टरे खो़बो़रिया़को ठेन खो़न बाडाय ञाम आकाना जे परिवहन विभाग आर उद्योग विभाग ताकिन दो़ पारो़मेन आयमा हापता खो़न नोआ प्रस्ताव रेमिला़उ तेकिन का़मीकान ताहेंना। सरकाराक् जोस दो़ प्रदूषणरो़काव सांवते साफा-सा़फी आर ग्रीन ट्रांसपोर्टस बेबो़सता ला़गित् तेकाना। मीडियावाक् रिपोर्ट लेका ते प्रदेश सरकार दो़ एटाक्पो़नो़त रेयाक् नीति लेका इलेक्ट्रिक गा़डी पासटा रे गो़ड़ो़क्ला़गित् तेय लाहा काना। आयमा पो़नो़त रे पा़हिल खो़न गे ईवीहातावको हो़ड़ दो़ रोड टैक्स आर रजिस्टे:शन गो़नो़ङ रे हों छुटको एम चुका़उ आकात्कोआ। नित हा़रियाणा हों नोआ पासटा रेउपा़ई ला़गित् तेय साप् सापड़ाक् काना। खो़बो़रिया़कोवाक् मेमेनदो़ नोआ काना जे जुदी प्रस्ताव मुंजुरो़क् काना एन्डेखान निजी गा़डी मा़लिक सांवते स्कूल, कॉलेज, ओ़लोक-पाड़हाक् संस्थान, उद्योग आरनिजी कंपनीको हों माराङ का़उडी रे गो़ड़ो़को ञामा। नोङ संस्थानदो़ ओन्डे दिना़म हिलोक् आयमा लेखा रे गा़डी चालाक्कान ताकोआ,ओनको दो़ गा़ड़ी टैक्स खारचा खो़नको आलगा। सरकार खुद हों आयमाविभाग रे इलेक्ट्रिक गा़डी हाताव ला़गित् ते गो़ड़ो़ये एमो़क् काना।नित जो़तो़ हो़ड़ाक् धियान 28 जुला़ई हिलोक् होयोक् ला़गित्मंत्रीकोवाक् दुपुड़ुप् रेको धियानाकादा, ओन्डे नोआ प्रस्ताव रेकोफायसालाया। जुदी मुंजुरो़क् काना एन्डेखान नोआ हरियाणा रेइलेक्ट्रिक गा़डी टोठा ला़गित् ते नित् हा़बिच् ते जो़तो़ खो़न माराङ पोन्थाको मुद खो़न मित्टेन नोआ हायोक्आ।

कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड़

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सुचना संख्या –02/ 2026–27

01. विज्ञापन दाता नाम :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड़ ।
02. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : – 29.07.2026 से 30.07.2026 तक (कार्यालय अवधि)।
03. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड का कार्यालय।
04. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– दिनाकं 31.07.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक।
05. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– दिनाकं 01.08.2026 को 3 : 30 बजे अपराहन तक।
06. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड कार्यालय।
07. **कार्य का विस्तृत विवरणी**

क्र0	योजना का नाम	ग्रुप संख्या	कुंल प्राशासनिक स्वीकृत राशि/प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य सम्पाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	पंचायत तारानगर में पाँच अदद,एवं ग्राम पंचायत नवादा में दो अदद चापाकल निर्माण(1,35,355.00) रुपये प्रति ईकाई)	1	9,47,485.00	19000	1250	3 माह
2	पंचायत ईलमी में आठ अदद चापाकल निर्माण (1,35,355.00 रुपये प्रति ईकाई)	2	10,82,840.00	21700	2500	3 माह
3	पंचायत फरसा में एक अदद, उदयनाराणपुर में दो अदद, झिकरहाटी में दो अदद, भवानीपुर में एक अदद एवं चेगाडांगा में एक अदद चापाकल निर्माण (1,50,365.00 रुपये प्रति ईकाई)	3	10,52,555.00	21100	2500	3 माह
4	पंचायत कोलाजोड़ा में तीन अदद एंव पंचायत पोचाथोल में चार अदद चापाकल निर्माण । (1,50,365.00 रुपये प्रति ईकाई)	4	10,52,555.00	21100	2500	3 माह
5	पंचायत शहरकोल में चार अदद नगर परिषद में एक अदद एंव पंचायत नरोत्तमपुर में एक अदद चापाकल निर्माण । (1,50,365.00 रुपये प्रति ईकाई)	5	9,02,190.00	18100	1250	3 माह
6	पंचायत मदनमोहनपुर में दो अदद जमशेरपुर में एक अदद पंचायत संग्रामपुर में एक अदद एंव पंचायत कुमारपुर में तीन अदद चापाकल निर्माण । (1,50,365.00 रुपये प्रति ईकाई	6	10,52,555.00	21100	2500	3 माह
7	पंचायत नवीनगर में चार अदद पंचायत नशीपुर में तीन अदद चापाकल निर्माण । (1,50,365.00 रुपये प्रति ईकाई	7	10,52,555.00	21100	2500	3 माह

परिमाण विपत्र की राशि (निविदा शुल्क) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफट या बैंकर्स चेक जो प्रखण्ड़ पदाधिकारी, पाकुड़ केपदनाम से देय देना होगा। जिसे लौटाया नही जाएगा।

नोट– निविदा की भार्तें पाकुड़ जिला के आधिकारीक वेबसाईट WWW.pakur.nic.in एंव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय सुचना पट पर देखा जा सकता हैं।

प्रखण्ड़ विकास पदाधिकारी पाकुड़

PR 385632 Revenue (26-27)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 2, दुमका।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 09 वर्ष 2026–27

1. विभाग का नाम :– पेयजल एव स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–30.07.2026 अपराह्न 3:30 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक–31.07.2026 अपराह्न 4:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– दिनांक– 31.07.2026 अपराह्न 5:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 2,दुमकां। (2) सहायक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या–2, दुमका।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 2,दुमका।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	ग्राप संख्या	नलकूपों की संख्या (अनुमानित)			राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र कामूल्य (रूपये में)	कार्य अवधि
			Major	Minor	Total				
1	Major and Minor repairing and routine maintenance of India Mark-II hand pumps in Rural areas of District Dumka under Drinking Water and Sanitation Div. No.-02, Dumka for the year 2026-27.	DMK-I	900	300	1200	927600.00	18600.00	1250.00	9माह
2		MAS-I	900	300	1200	927600.00	18600.00	1250.00	9माह
3		JAM-I	900	405	1305	964980.00	19300.00	1250.00	9माह
4		RAM-I	450	150	600	463800.00	9300.00	750.00	9माह
5		RAM-2	450	150	600	463800.00	9300.00	750.00	9माह
6		JAR-I	940	400	1340	999680.00	20000.00	1250.00	9माह
7		SAR-I	450	150	600	463800.00	9300.00	750.00	9 माह
8		SAR-2	450	150	600	463800.00	9300.00	750.00	9 माह

नोट :– (1) निविदा की शर्ते एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट http://dwsd.jharkand.gov.in एवं http://112.133.209.136:8000/dwsd पर अपलोड रहेगा। इच्छुक एजेंसी/संवेदक परिमाण विपत्र वेबसाइट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य काबैंक ड्रफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका के पदनाम से भुगतेय होगा।
(2) निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचनापट् पर भी देखी जा सकती है।

(रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका

PR 385678 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)

जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा

–: आवश्यक सूचना :–

गोड्डा–जिला अन्तर्गत एवं गोड्डा जिला में परिचालन करने वाले सभी बसों के बस स्वामियों से अनुरोध है कि अपने–अपने वाहनों का सभी आवश्यक कागजात अद्यतन कर दुरुस्त रखें तथा बसों में क्षमता से अधिक व्यक्तियों का परिचालन न करें।

प्रायः ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि बसों के भीतर एवं बस की छतों पर नियम के विरुद्ध एवं क्षमता से अधिक लोगों को लेकर वाहन का परिचालन किया जा रहा है, जिससे भविष्य में कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

अतः आप सभी बस स्वामियों को अगाह किया जाता है कि उपरोक्त कारणों से यदि भविश्य में कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। पुनः सभी बस स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि नियमानुसार बस का परिचालन करना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत् अग्रतेर कार्रवाई की जायेगी।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

जिला परिवहन पदाधिकारी, गोड्डा

PR 385663 (Transport)26-27*D

झारखण्ड सरकार
कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग)
कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, देवघर

–: पशुपालकों/SHG/FPO के लिए आम सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 में सरकार की सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश संख्या 13रा0(वि0) दिनांक–19.06.2026 द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत उद्यमी पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नवीन योजना का प्रारम्भ व्यवसायिक स्तर पर किया जाना है, जिसका मुख्य उद्देश्य इच्छुक व्यक्ति, लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदानित दर पर योजना का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसायिक अवसरों का सृजन करना है। इस योजना से महिला सशक्तिकरण, पोशण एवं प ुधन उत्पादकता में वृद्धि के साथ–साथ ग्रामीण बहुल राज्य के निवासियों की उच्च गुणवत्तायुक्त प्रोटीन की मांग की पूर्ति बकरे से प्राप्त मांस के द्वारा की जा सकेगी। पशुपालन प्रक्षेत्र की उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक उद्यमियों से प्रस्ताव उपस्थापित किया जाना है।

योजना का विवरणी निम्नवत है :–

क्र0 सं0	योजना का नाम	योजना का लागत राशि	70% सरकारी अनुदान की राशि	30% लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण की राशि
1	2	3	4	5
01	व्यवसायिक बकरा–बकरी पालन की योजना (100 बकरी + 05 बकरा)	9,78,000/–	6,84,600/–	2,93,400/–

योजनान्तर्गत उद्यमियों के चयन हेतु अर्हता :–

- उद्यमी **झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी होंगे,** जिन्हें **पूर्व में बकरी पालन का अनुभव प्राप्त हो।**
- उद्यमियों को व्यवसायिक **बकरा–बकरी फार्म की स्थापना के लिए आवश्कतानुसार भूमि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।** 100 बकरी + 05 बकरा क्षमता वाले व्यवसायिक बकरा बकरी फार्म की स्थापना हेतु कम–से–कम 0.50 एकड़ भूमि आवश्यक है, जो स्वयं की हो अथवा लीज पर ली गई हो एवं एक जगह होनी चाहिए। लीज पर होने की स्थिति में आवेदन स्वीकृति के समय कम–से–कम 10 वर्षों के लिए भूमि लीज की अवधि होनी चाहिए।
- कुल लागत का 15% उद्यमी के द्वारा बैंक ऋण के माध्यम से अथवा स्वयं वहन किया जाना है। न्युनतम 15% राशि उद्यमी के द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा तथा 70% का अनुदान की राशि के रूप में सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- उद्यमी के अंशदान हेतु **बैंक द्वारा निर्गत** प्रमाण–पत्र/पिछले **01 वर्ष का औसत Bank Balance समर्पित करना होगा।** बैंक ऋण प्राप्त करने की स्थिति में उद्यमी के द्वारा योजना प्रस्ताव समर्पित करने के समय **बैंक से योजना स्वीकृति संबंधित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा।**
- उद्यमी के द्वारा **परियोजना को कम–से–कम 10 वर्ष चलाने संबंधी भापथ–पत्र संलग्न किया जाएगा।** योजना संचालन नहीं होने पर उद्यमियों द्वारा अनुदान की राशि की बैंक दर से ब्याज सहित वापस की जाएगी।
- चयनित उद्यमियों के पास पूर्व से व्यवसायिक बकरा बकरी फार्म के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध होने की स्थिति में उस संरचना पर होने वाले अनुमानित खर्च की राशि का अनुदान देय नहीं होगा।
- उद्यमियों के चयन में **बकरा–बकरी पालन में प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों** को प्राथमिकता दी जाएगी।
- योजना का लाभ व्यक्ति (Individual) के साथ–साथ स्वयं सहायता समूह (SHG) एवं किसान उत्पादक संगठन (FPO) को भी दिया जायेगा।
- इस योजनान्तर्गत बकरा–बकरी योजना का लाभ पूर्व में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अन्य योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त लाभुकों को नहीं दी जाएगी।
- व्यवसायिक बकरा बकरी फार्म की स्थापना में Epidemic Control Measure का अनुपालन सुनिश्चित करना उद्यमियों की जिम्मेदारी होगी। संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा Epidemic Control Measure का अनुपालन की समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी।
- अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में उनके अंशदान तथा बैंक के ऋण की राशि का हस्तांतरण होने के उपरांत ही उपलब्ध करायी जायेगी।
- योजना क्रियान्वयन अंशदान की राशि दो किस्तों में भुगतान किया जाएगा। प्रथम किस्त के रूप में 40% अनुदान की राशि का भुगतान योजना स्वीकृत होने के पश्चात तथा 60% अनुदान की राशि का भुगतान लाभुकों के द्वारा आधारभूत संरचना का कार्य सम्पन्न होने के पश्चात किया जाएगा। द्वितीय किस्त के लिए लाभुक के द्वारा आवेदन के साथ आधारभूत संरचना पूर्ण होने का साक्ष्य फोटोग्राफ सहित समर्पित किया जाएगा। साक्ष्य दस्तावेज प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा अभिप्रमाणित किया जाएगा
- इच्छुक उद्यमी निम्नलिखित सभी आवश्यक दस्तावेज को संलग्न करते हुए योजना प्रस्ताव (विहित आवेदन पत्र के साथ) संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा के पश्चात जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे :–

I. पासपोर्ट आकार फोटो, व्यक्तिगत आवेदन हो। आधार/पहचान पत्र, यदि लागू हो।
II. स्थायी निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण–पत्र, यदि लागू हो। आधार/पहचान पत्र, यदि लागू हो।
III. भूमि रसीद/खाता/खेसरा/स्वामित्व प्रमाण या लीज डीड।
IV. बैंक द्वारा निर्गत अं ादान प्रमाण–पत्र अथवा पिछले 1 वर्श का औसत बैंक बैलेंस प्रमाण।
V. बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति/सहमति पत्र, यदि लागू हो।
VI. प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र, यदि उपलब्ध हो।
VII. परियोजना प्रतिवेदन।
VIII. स्व–घोषणा पत्र।
IX. शपथ–पत्र/एफिडेविट।
X. SHG के लिए : सदस्य सूची समूह संकल्प, समूह नियमावली/उपविधि, बैंक विवरण।
XI. FPO/FPC के लिए : पंजीकरण प्रमाण–पत्र, PAN, TAN, CIN/अन्य पंजीकरण, बोर्ड/प्रबंध समिति संकल्प, सदस्य सूची, बैंक विवरण।

नोट :– विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र (निःशुल्क) प्राप्त करने के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन कार्यालय, देवघर से संपर्क किया सकता है।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी, देवघर।

PR.NO.385651 Animal Husbandry(26-27):D

पेपर लीक और लाठीचार्ज के विरोध में दुमका में कांग्रेस का धरना, शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। देशभर में युवाओं और छात्रों के अधिकारों को लेकर उठ रही आवाजों के बीच गुरुवार को दुमका में कांग्रेस ने जोरदार हुंकार भरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर दुमका के स्थानीय सिंधी चौक पर एक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन में पेपर लीक और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष स्टीफन मरांडी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दिल्ली में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज को सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या करार दिया। मरांडी ने छात्रों का दर्द साझा करते हुए कहा कि एक विद्यार्थी दिन भर में 18 से 20 घंटे तक पढ़ाई की भट्टी में खुद को तपाता है। उनके माता-पिता भी दिन-रात उनके सपनों के साथ खड़े रहते हैं, लेकिन परीक्षा के समय पेपर लीक जैसी घटनाएं इन होनहारों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज देश का युवा अपने हकों के लिए संसद से लेकर सड़क तक उतर चुका है और उनके साथ हो रहा अन्याय अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस वैचारिक और संघर्षपूर्ण माहौल से प्रभावित होकर तीन युवाओं मोहम्मद फरीद, मौसमी कुमारी और नगमा खातून ने मौके पर ही कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कमिटी के एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने दुमका के जिला उपायुक्त से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की मांग की गई है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव श्यामल किशोर सिंह, सचिव अरबी खातून एवं संजीत सिंह, संयुक्त सचिव रोमी इमाम, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोज अंबष्ट, प्रेम कुमार साह, महबूब आलम, शहरोज शेख, टिंकू अली इमाम, सागेन मुर्मू, सुनील किस्कू, विलियम टुडू, तोबियस मुर्मू, राजेश्वर किस्कू, श्याम सुंदर भगत, रोहित रंजन, मोहम्मद अनवर, धनी राम बास्की, दशरत मंडल, एल्बिनुस किस्कू, गणेश सोरेन और पॉल हांसदा समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वेतन बढ़ोतरी की मांग पर अड़े सफाई कर्मी, पीजेएमसीएच में चरमराई सफाई व्यवस्था

दुमका । फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था और स्वच्छता पर गहरा असर पड़ा है। अपनी मानदेय और वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की मांग को लेकर अस्पताल के तमाम सफाई कर्मी गुरुवार से पूरी तरह काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। इसके परिणामस्वरूप पूरे अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था अचानक से ध्वस्त हो गई है। सफाई कर्मियों के इस सामूहिक कदम के कारण अस्पताल के विभिन्न वार्डों, गलियारों और मुख्य द्वारों के आसपास कूड़े-कचरे के ढेर लग गए हैं। नियमित सफाई न होने से वार्डों में भारी गंदगी फैल चुकी है, जिसके चलते वहां से उठने वाली दुर्गंध ने मरीजों और उनके साथ आए तीमारदारों का जीना मुहाल कर दिया है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह गंदगी जमा होने से मरीजों में क्रॉस-इंफेक्शन और नए तरह के संक्रमण फैलने का खतरा बेहद बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी कर्मियों का साफ कहना है कि वे लंबे समय से कम वेतन पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है।

जाड़ेपानी में मलेरिया के मामले बढ़े : स्वास्थ्य विभाग ने संभाला मोर्चा, शिविर लगाकर बांटी दवाएं

गोपीकांदर । प्रखंड के जाड़ेपानी गांव में मलेरिया और टाइफाइड का प्रकोप लगातार पैर पसार रहा है। इस सुदूरवर्ती गांव में दो दर्जन से अधिक लोगों के बीमार होने की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। गुरुवार को जाड़ेपानी गांव के पहाड़िया टोला और संथाल टोला में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 59 ग्रामीणों की सेहत की जांच की गई, जिसमें से 19 लोगों में तेज बुखार के लक्षण मिले। वहीं, 9 मरीज सर्दी, खांसी और लूज मोशन से पीड़ित पाए गए। शिविर में संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के दौरान दो ग्रामीणों में खतरनाक प्लाज्मोडियम फेल्सीपेरम मलेरिया की पुष्टि हुई। रिपोर्ट आते ही मेडिकल टीम ने दोनों संक्रमित मरीजों को अपने सामने ही दवा की पहली खुराक दी और उन्हें आगे के इलाज की पूरी जानकारी दी। मौके पर मौजूद सीएचओ इग्निसिया लकड़ा, एएनएम अनीता हांसदा, किरण मुर्मू, एमएसडब्ल्यू नितेश हेम्ब्रम और बीबीडी सुपरवाइजर प्रेमतोष बास्की ने ग्रामीणों को मच्छरदानी का नियमित इस्तेमाल करने और बुखार आने पर तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी।

डीडीसी ने श्रावणी मेला की व्यवस्था का लिया जायजा

जरमुंडी । बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने विभिन्न विभागों द्वारा संपन्न कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। डीडीसी अनिकेत सचान अन्य अधिकारियों के साथ बासुकिनाथ पहुंचे थे। उन्होंने सीओ संजय कुमार, बीडीओ कुंदन भगत के साथ मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगमतापूर्वक जलार्पण कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने शिवगंगा, मेला क्षेत्र, बैरिकेडिंग, दर्शनियाटिकर रूट लाइन, पार्किंग स्थल तथा श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कांवरिया रूट लाइन, टेंट सिटी, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था तथा साफ-सफाई कार्यों का भी जायजा लिया। अधिकारियों से संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने तथा श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी अंजू कुमारी, बीपीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो की चोरी

सरैयाहाट। हंसडीहा थाना क्षेत्र के गोड्डा रोड स्थित एक घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक शाहिद अंसारी ने हंसडीहा थाना में लिखित आवेदन देकर वाहन की बरामदगी एवं अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, उनके पुत्र ने बुधवार रात अपनी स्कॉर्पियो घर के बाहर खड़ी की थी। गुरुवार सुबह जब परिजन उठे तो वाहन अपने स्थान पर नहीं मिला। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर इसकी सूचना हंसडीहा थाना में दर्ज करायी है।

बिजली मिस्त्री के निधन पर लुईस मरांडी परिजनों से मिलीं

रामगढ़ । जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी गुरुवार को बड़ी रनबहियार गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने बिजली मिस्त्री उज्ज्वल मंडल के निधन के बाद उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर जो भी मदद संभव होगी, उसके लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक पहल की जाएगी। बताते चलें की उज्जवल मंडल का निधन शनिवार को बिजली के करंट लगने से तथा पोल से गिर जाने के बाद घायल होने के बाद हो गई थी।

ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर में स्थानीय युवा रह गए वंचित

सरैयाहाट। जिला परिवहन विभाग की ओर से गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर, सरैयाहाट में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन 150 स्लॉट बुकिंग वाले आवेदकों को बुलाया गया था, जिनमें से 95 को अंचलाधिकारी राहुल कुमार शानू ने लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस वितरित किया। वहीं 26 आवेदक अनुपस्थित रहे, जबकि 29 आवेदकों के दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाए जाने के कारण उन्हें लाइसेंस जारी नहीं किया जा सका। शिविर का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि सरैयाहाट के एक भी स्थानीय युवक को इसका लाभ नहीं मिल सका। दरअसल, अधिकांश लोगों को यह जानकारी ही नहीं थी कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए पहले ऑनलाइन आवेदन कर स्लॉट बुक कराना अनिवार्य है। जानकारी के अभाव में बड़ी संख्या में युवक आधार कार्ड, पैन कार्ड और ब्लड ग्रुप की जानकारी लेकर शिविर पहुंचे, लेकिन स्लॉट बुक नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

श्रावणी मेला में 18 चिकित्सक 195 स्वास्थ्यकर्मी सेवाएं देंगे

जरमुंडी । राजकीय श्रावणी मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में तीन स्थायी स्वास्थ्य शिविर है। जबकि आवश्यकतानुसार 19 अस्थायी स्वास्थ्य शिविर चिह्नित स्थलों पर लगाए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों में कार्य करने के लिए जरमुंडी प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों सहित दुमका जिला के विभिन्न प्रखंडों के 127 स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा अन्य जिलों से भी 68 स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में की गई है। चिकित्सक के रूप में दुमका जिला के विभिन्न प्रखंडों से 18 चिकित्सक एवं अन्य जिलों से भी चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

डीएसई दफ्तर पहुंचे डीसी, लापरवाही पर भड़के शो-कॉज के साथ वेतन रोकने का दिया आदेश

सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन रोकी तो क्लर्क पर होगी सीधी कार्रवाई : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया। बृहस्पतिवार को हुए इस औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालयीन कार्यों और सरकारी अभिलेखों की गहन समीक्षा की। उन्होंने रैंडम आधार पर कार्यालय की विभिन्न संचिकाओं को निकलवाया और उनकी अद्यतन स्थिति की जांच की। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से टेबल पर लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी लंबित मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दफ्तर की व्यवस्था को गहराई से खंगाला। उन्होंने कर्मियों की सेवा पुस्तिका, आगत-निर्गत पंजी, लॉग बुक और गार्ड फाइल सहित कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा विभाग के तहत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विद्यार्थियों को मिलने वाला लाभ उन तक सही समय पर पहुंच रहा है या नहीं।

इस समीक्षा के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों के मामलों पर उपायुक्त का रुख बेहद सख्त नजर आया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को पेंशन स्वीकृति और उसके भुगतान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण पेंशन मामलों में विलंब पाया गया, तो संबंधित लिपिक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसके अलावा, उन्होंने स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना की प्रगति और व्यवस्था की भी जानकारी ली और इसके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य में घोर लापरवाही बरतने वाले कुछ कर्मियों पर उपायुक्त का चाबुक भी चला। कार्यों में उदासीनता पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मियों से तुरंत स्पष्टीकरण तलब करने का आदेश दिया। साथ ही, अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश जारी कर दिया।

स्वास्थ्य कर्मियों का ईपीएफ, ईएसआई और बोनस भुगतान को लेकर एसोसिएशन से मांगा सहयोग

रामगढ़ । प्रखंड क्षेत्र के आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने लंबित मानदेय, ईपीएफ, ईएसआई एवं बोनस भुगतान की मांग को लेकर संबंधित एसोसिएशन बिरसा सिक्योरिटी, शिव प्रोटेक्शन, वह अन्य कंपनियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखी हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से एसोसिएशन के नाम एक आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।आवेदन में कहा गया है कि जिले के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मियों के पिछले कई महीनों से लंबित मानदेय एवं अन्य देय राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इसके कारण कर्मियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आउटसोर्सिंग कर्मियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लंबित भुगतान जल्द कराया जाना आवश्यक है। मौके पर ज्योति पुष्पा सोरेन जीएनएम, शांति मुर्मू जीएनएम, कंचन कुमारी जीएनएम, रोजमेरी मुर्मू एएनएम, पंकज कुमार मंडल एलटी, प्रमोद कुमार मंडल हेल्थ वर्कर, नीलम कुमारी एएनएम, नोमिता सोरेन एएनएम, सुनीता हेंब्रम एएनएम, सुनीता मरांडी जीएनएम, लाखो कुमारी एएनएम, चांदनी कुमारी एएनएम सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र के सभी आउटसोर्सिंग कर्मी मौजूद रहे।

महज एक साल में ध्वस्त हुआ एनएच-133 का नाला, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

सरैयाहाट। राष्ट्रीय राजमार्ग 133 पर हंसडीहा-गोड्डा मुख्य मार्ग रेलवे फाटक के समीप जुलाई 2025 में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया कंक्रीट ड्रेन महज एक वर्ष के भीतर ही टूटकर ध्वस्त हो गया है। नाले के क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ड्रेन निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गई। नाले में निम्न गुणवत्ता की सरिया और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण यह मामूली दबाव भी नहीं झेल सका। अब नाले का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह टूट चुका है और सरिया बाहर निकल आई है, जिससे राहगीरों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण में रही कमी के साथ-साथ सड़क किनारे चिमनी ईंट का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में ईंटों का ढेर नाले के बिल्कुल किनारे लगा दिया गया। लगातार पड़े इस अत्यधिक भार के कारण पहले से कमजोर ड्रेन दबाव नहीं सह सका और ध्वस्त हो गया। टूटे हुए नाले के कारण सड़क किनारे बड़ा गड्ढा बन गया है। बरसात के दिनों में यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने किया साइकिल का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ में 'उन्नति का पहिया' योजना का शुभारंभ, विद्यार्थियों को वितरित की गई निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित 'उन्नति का पहिया' निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर, रामगढ़ में किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित कर योजना का विधिवत शुभारंभ किया।इस योजना का उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के

विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना है। साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में योजना को लेकर उत्साह देखा गया। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्यालय आने वाले बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी।

सरैयाहाट-हंसडीहा की बदहाल बिजली व्यवस्था पर विधायक प्रदीप यादव ने जताई नाराजगी

संवाददाता

सरैयाहाट। सरैयाहाट प्रखंड एवं हंसडीहा मुख्यालय में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था का मामला अब प्रशासनिक स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने झारखंड विद्युत संचारण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर क्षेत्र में व्याप्त लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति पर गंभीर चिंता जताई है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि सरैयाहाट एवं हंसडीहा क्षेत्र के उपभोक्ता लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके कारण घरेलू उपकरणों का संचालन प्रभावित हो रहा है, वहीं छोटे व्यवसायियों, दुकानदारों और अन्य उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद, जर्जर भवनों की बनेगी सूची

खराब उपस्थिति वाले स्कूलों पर गिरेगी गाज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, दुमका के सभागार में गुरुवार को शिक्षा विभाग की एक अहम मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, नियमित विद्यालय निरीक्षण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और परिणामोन्मुखी शिक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और कक्षा शिक्षण की सतत निगरानी के निर्देश दिए। स्पष्ट किया गया कि प्रत्येक विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होना चाहिए और बच्चों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार दिखना चाहिए।

छात्रों की उपस्थिति को लेकर बैठक में सख्त रुख अपनाया गया। ई-विद्या वाहिनी में छात्रों की खराब उपस्थिति दर्ज करने वाले शिकारीपाड़ा और रामगढ़ प्रखंड के विद्यालयों के सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी शिक्षकों को ई-विद्या वाहिनी में अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करने, प्रोजेक्ट रेल के मूल्यांकन की एंट्री करने, यू-डीआईएसई एंट्री में तेजी लाने और जे-गुरुजी ऐप में स्प्लिट सिलेबस की स्थिति अपडेट करने को कहा गया है।

पर्यावरण और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए %एक पेड़ मां के नाम% कार्यक्रम के तहत स्कूलों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने और सभी ब्लॉक में इको क्लब बनाने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही, कनीय अभियंता को जर्जर भवन और आधारभूत संरचना की कमी से जूझ रहे स्कूलों की सूची सौंपने को कहा गया। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने और सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को विद्यालय प्रबंधन समिति की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शून्य उपस्थिति वाले विद्यालयों की स्थिति, अपार एवं आधार की स्थिति, निपुण, पलाश कार्यक्रम, पोशाक वितरण, डहर ऐप और विशेष नामांकन अभियान की गहन समीक्षा की गई।

चमराबहियार से बाबा वरदानीनाथ पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण योजना को मिली मंजूरी

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बसंती टुडू ने की। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रयाग मंडल, बीडीओ कुंदन भगत, सीओ संजय कुमार, सीडीपीओ कुमारी ऋतु एवं अन्य मौजूद थे। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। बीटीएम मिथिलेश कुमार के द्वारा जानकारी दी गई की मिलेट मिशन अंतर्गत प्रोत्साहन राशि 3000 रुपया प्रति एकड़ कृषकों को उपलब्ध कराने का प्रावधान है। जिसकी अधिकतम सीमा पांच एकड़ भूमि है। इस दौरान चमराबहियार से बाबा वरदानीनाथ पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना एवं शिव विहार होटल से हेलीपेड पथ भाया एनएच 114 ए पथ के निर्माण कार्य परियोजना अंतर्गत प्राप्त अधियाचना प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

जामा में 12 वर्षीया छात्रा की सर्पदंश से मौत

जामा । जामा प्रखंड के थानपुर पंचायत अंतर्गत हेठमांझीयानडीह गांव के धावाटांड़ टोला में सर्पदंश से एक 12 वर्षीया छात्रा की मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान हेनसम कुमारी (12) के रूप में हुई है। वह कक्षा पांच की छात्रा थी तथा उसके पिता का नाम रोखन दर्वे है। हेनसम कुमारी बुधवार देर रात अपने आवास में चौकी पर सो रही थी। इसी दौरान रात करीब 12 बजे एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्ची को मेडिकल कॉलेज दुमका पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

दुमका : दर्जनों से करोड़ों की ठगी करने वाला शातिर संवेदक गिरफ्तार

कोर्ट के गैर-जमानती वारंट पर एक्शन, कुर्की-जब्ती के आदेश के बाद घर से भागते वक्त दबोचा गया

आरोपी आशित कुमार



फर्जी चेक

थाने के प्रांगण में बैठे पीड़ित लोग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । उपराजधानी दुमका में करोड़ों रुपये की ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर के न्यू बाबूपाड़ा इलाके के रहने वाले एक शातिर संवेदक आशित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस नटवरलाल पर दर्जनों व्यवसायियों और संवेदकों को अपने जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप है। गुरुवार को स्थानीय लोगों और पीड़ितों ने उसे भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा और नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

कैसे कसा शिकंजा और कैसे हुई गिरफ्तारी?

आरोपी आशित कुमार पर स्थानीय अदालत में चेक बाउंस के कई मामले चल रहे थे। संजीव कुमार जायसवाल द्वारा 2024 में दर्ज कराए गए एक केस में सीजेएम कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट और कुर्की-जब्ती का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद वह पुलिस की पकड़ से बाहर था।

बृहस्पतिवार की सुबह जब पीड़ित संतोष उर्फ मंटू कुमार साह उसे ढूंढने उसके घर पहुंचे, तो आशित पिछले दरवाजे से भागने की फिराक में था। संतोष ने अपने साथियों की मदद से उसे धर दबोचा और पुलिस को सौंप दिया। थाने में उसकी गिरफ्तारी की खबर फैलते ही दर्जनों पीड़ित वहां पहुंच गए और पुलिस से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे।

ठगी का शातिर तरीका : मीठी बातें और फर्जी रसीदों का जाल

पीड़ितों के मुताबिक, आशित लोगों को ठगने के लिए, झूठी कहानियां, मृदुभाषी स्वभाव और झूठा इकरारनामा, फर्जी बैंक रसीदें देकर लोगों को ठगने का काम करता था। आशित के बाबूपाड़ा स्थित घर पर बैंक का लोन है और उसका अपना सीसी अकाउंट भी फेल हो चुका है।

ठगी के सदमे में गई जान, थाने में उमड़ा पीड़ितों का दर्द

इस धोखाधड़ी ने एक परिवार को गहरे शोक में धकेल दिया है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने थाने में अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि आशित ने उनके दिवंगत बड़े भाई रमेश राम से 8 लाख रुपये ठगे थे। उनकी भतीजी की शादी तय है, लेकिन आशित रोज पैसे लौटाने का झूठा वादा करता रहा। इस भारी धोखे और पैसे डूबने के सदमे में उनके भाई ने दम तोड़ दिया।

संतोष उर्फ मंटू कुमार ने कहा दूसरों से उधार लेकर और अपनी चीजें बंधक रखकर 5 लाख रुपये दिए। संजीव जायसवाल ने बताया जरूरत की चीजें गिरवी रखकर 5 लाख रुपये उधार दिए। इसके अलावा सपन कुमार साह,ओंकारनाथ मिश्र, नंदन झा, संजय हिम्मतसिहका सहित अन्य लोगों में से किसी ने 12 लाख, किसी ने 4 लाख तो किसी ने 1 लाख रुपये देने का दावा किया है।

मैंने पैसे लौटा दिए हैं : आशित

इतने संगीन आरोपों और पुलिस हिरासत में होने के बावजूद आशित कुमार खुद को बेकसूर बता रहा है। उसका दावा है, ÷मैंने किसी का पैसा गबन नहीं किया है। मैं लोगों के अकाउंट में पैसे लौटा चुका हूँ। मैंने कुल 40 लाख रुपये वापस किए हैं और मुझे जानबूझकर तंग किया जा रहा है।

फ्रॉड नेटवर्क की गहराई से की जा रही है जांच : नगर थाना प्रभारी

नगर थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया की फिलहाल आरोपी आशित कुमार को कोर्ट के पुराने वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । पुलिस इस पूरे फ्रॉड नेटवर्क, बैंक खातों और पैसों के लेन-देन की गहराई से जांच कर रही है। लोगों को अब अपनी खून-पसीने की कमाई वापस मिलने की उम्मीद है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686